देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### कंगन घाट में डूबे युवक का शव मिला, पहचान नहीं

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव जेपी सेतु से कंगन घाट स्थित गंगा नदी में एक युवक ने सोमवार को छलांग लगा दिया था। इस कारण से डूबने से उसकी मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने जब उसे छलांग लगाते देखा और जब वह पानी में लापता हो गया, तब चौक थाना की पुलिस को सूचित किया था। बाद में एसडीआरएफ की टीम ने उसे खोजने का प्रयास किया, मगर शव नहीं मिला। मंगलवार को उसका शव मिल गया। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि गंगा नदी से डूबे युवक का शव निकाल लिया गया है, मगर उसकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है। यदि कोई भी व्यक्ति इसे पहचानते हों, तो चौक थाना पुलिस से संपर्क कर सूचित करें।

### स्व राजीव गांधी को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा विभाग की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी का जन्मदिन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच केक काट कर वितरित किया गया। उपस्थित में कांग्रेस के वरीय नेता राजकुमार राजन, अशोक यादव, पप्पू त्रिवेदी, सतीश यादव, उमेश गुप्ता, रघु साहू, सुरेश प्रसाद साह, शंकर पासवान, यश लोक विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

### फतुहा रेल पीपी को मिला थाना का दर्जा, रेल एसपी ने किया उद्घाटन

फतुहा। रेल पीपी को थाना का दर्जा मिल गया है। मंगलवार को रेल एसपी अमृततेंदु शेखर ठाकुर ने फीता काटकर उद्घाटन किया और बताया कि नौ रेल पीपी को रेल थाना बनाया गया है। जिसमें फतुहा रेल पीपी को भी थाना बनाया गया है। अब यहां प्राथमिक दर्ज होना शुरू हो जाएगा। मौके पर मुकुल परिमल पांडेय डीएसपी, राजेश कुमार सिन्हा इंस्पेक्टर, रेल थानाध्यक्ष गनौरी दास, आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा, स्टेशन मैनेजर रंजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 1323 राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम का आयोजन

पटना। जिला के नगर निकाय अंतर्गत समाविष्ट ग्रामों को छोड़कर 1323 राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत बिहार विशेष सर्वेक्षण अधिनियम 2011 एवं तत्संबंधी नियमावली 2012 के आलोक में उद्घोषणा किया जा चुका है. उद्घोषणा के पश्चात भू-धारियों एवं रैयतों को इसके प्रावधानों को अवगत कराने हेतु जिला के बख्तियारपुर के मझौली पंचायत, नौबतपुर के नवही पंचायत, फतुहा के जेठुली, मौजीपुर एवं डुमरी पंचायतों में, सम्पतचक के कन्डाप पंचायत, मसौढ़ी के देवरिया पंचायत, बिहटा के पुरुषोत्तमपुर में, पटना सदर के मरची पंचायत में, पालीगंज के सिंगोड़ी पंचायत में ग्राम-सभा का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित आमजन, रैयतों एवं भू-धारी उपस्थित हुए. नौबतपुर के नवही पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में बंदोबस्त पदाधिकारी पटना भी उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों को विशेष सर्वेक्षण की जानकारी दी गई तथा इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनसे इस सर्वेक्षण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया. रैयतों एवं भूमि धारकों को धारित भूमि का स्वघोषणा(प्रपत्र-2) एवं वंशावली प्रपत्र-3(1) सम्बंधित अंचल शिविर के शिविर प्रभारी सह विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को समर्पित करने की आवश्यकता तथा इसके आनलाइन माध्यम से जमा करने के फायदे से अवगत कराया गया तथा उन पंचायतों के रैयतों को अपनी भूमि के सभी मोड़ को चिन्हित कर लेने हेतु अनुरोध किया गया।

### 14 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

पटना। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना से प्राप्त सूचनानुसार इसका आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के तत्वाधान में सिविल कोर्ट, पटना सदर एवं पटना जिला के अनुमंडल-स्तरीय कोर्ट यथा पटना सिटी, दानापुर, बाढ़, मसौढ़ी तथा पालीगंज के प्रांगण में उक्त तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन से होगा। जिला पदाधिकारी- सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का सम्पूर्ण जिला में वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है ताकि आम जनता इससे लाभान्वित हो सके। आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना में प्रार्थना पत्र लगाकर लोक अदालत का लाभ ले सकते हैं। यदि आप मुकदमे को दूसरे पक्ष के साथ समझौते के माध्यम से लोक अदालत द्वारा निपटाना चाहते हैं तो आपका जो भी मुकदमा जिस न्यायालय में लंबित हो तो आप उसी न्यायालय में 13 सितंबर तक किसी भी कार्य-दिवस को जाकर अपने मामले पर विचार करवा सकते है।

# पटना साहिब को मिला पूर्ण थाना का दर्जा, एसपी आर ने किया उद्घाटन

## गृह विभाग ने जारी किया अधिसूचना, थाना नए बने भवन में शिफ्ट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब स्टेशन स्थित रेल थाना पहले पीपी थाना था। अब बिहार सरकार के गृह विभाग के द्वारा जारी अधिसूचना के बाद अब इसे पूर्ण थाना का दर्जा मिल गया है। साथ ही यहां बने नए भवन में रेल थाना शिफ्ट हो गया है। मंगलवार को इसका उद्घाटन रेलवे के एसपी अमरेंद्रू शेखर ठाकुर ने किया। दरअसल पहले पटना साहिब रेल थाना पीपी में था। यहां घटित होने वाले अपराध का पटना जंक्शन रेल थाना में मामला दर्ज किया जाता था। भले अनुसंधान, छापामारी और गिरफ्तारी का काम यहां की रेल पुलिस करती रही हो। मगर बिहार सरकार के गृह विभाग के द्वारा पटना साहिब रेल थाना को पूर्ण थाना का दर्जा दिए जाने के बाद अब पीपी का लगा दाग समाप्त हो गया है। अब पटना



साहिब स्टेशन के क्षेत्राधिकार में घटित होने वाले अपराध की घटनाएं यहीं दर्ज होगी। रेल एसपी अमरेंद्रू शेखर ठाकुर ने कहा कि अब यह थाना अपग्रेड हो गया है। मगर इसका स्ट्रेंथ अभी 96 पुलिस पदाधिकारी और बल का है। मगर फिलहाल यहां 20 पुलिस पदाधिकारी और बल की ही तैनाती है। ऐसे में पुलिस की भर्ती प्रक्रिया के तहत अब यहां पदाधिकारी और बल को भी प्रतिनियुक्ति किया जाएगा। बल की संख्या बढ़ेगी और अब प्राथमिक की भी यहीं दर्ज हो सकेगा। इस दौरान आगतों का स्वागत थानाध्यक्ष रंधीर कुमार ने किया। मौके पर रेल डीएसपी प्रभाकर तिवारी, पटना जंक्शन रेल थाना के थानाध्यक्ष, स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार एवं अन्य गण्यमान्य लोग भी मौजूद थे। नया रेल थाना का भवन बनकर महीनों से तैयार था, मगर उस शुभ घड़ी का इंतजार था, जो मंगलवार को संयोग बन गया। यहां भूतल पर ओडी में रहे पुलिस पदाधिकारी और बल की तैनाती रहेगी। हाजत भी यहीं पर होगा। एक फ्लोर पर महिला बैरेक और दूसरे फ्लोर पर पुरुष बैरक बनाया गया है।

# विद्यालय के भूमि प्रदाता की पुण्यतिथि पर सामग्री वितरित

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। लल्लू बाबू का कूंचा के कवि चूड़ामणि पथ स्थित राजकीय कन्या बुनियादी विद्यालय में विद्यालय के भूस्वामी व बिहार के प्रथम समाचार पत्र बिहार बंधु के संपादक गोस्वामी गोवर्धन लाल कवि चूड़ामणि की 91वीं पुण्यतिथि और उनके पौत्र आशु कवि आचार्य मधुकर की 23वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर छात्रों के बीच बिस्कुट, पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। कवि चूड़ामणि समिति के महासचिव बृजेश गोस्वामी ने कार्यक्रम आयोजित कर 10 बच्चों को वजीफा दिया। मुख्य अतिथि पटना विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य सह भाजपा नेता पप्पू वर्मा, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ओम प्रकाश अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि पटना जिला सुधार समिति के महासचिव राकेश कपूर, रमाकांत वर्मा व संजीवन जमुआर थे। मंच संचालन स्कूल शिक्षक मो अहसान अहमद और दिलीप सर ने किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य मंजू सिन्हा ने कहा कि विद्यालय की नींव रखने में गोस्वामी और रोहतगी परिवार का योगदान है। आज उनके वंशज बृजेश गोस्वामी तन, मन व धन से परंपरा को जीवंत रखे हैं। मुख्य अतिथि पप्पू वर्मा ने विद्यालय के विकास में प्रयास करने की बात कही। ओम प्रकाश अग्रवाल, राकेश कपूर, रमाकांत वर्मा ने भी अपने विचार रखे। मौके पर शम्मी रोहतगी, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# मनोज कमलिया स्टेडियम मैदान को ले खिलाड़ियों में आक्रोश व्याप्त

## अन्य खेल मैदान की स्थिति भी दयनीय, खेल विभाग दे ध्यान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खिलाड़ियों ने मनोज कमलिया स्टेडियम, पटना सिटी स्कूल के बदहाल खेल मैदान, गांधी सरोवर जॉगिंग ट्रैक एवं साइकिलिंग सड़क के जीर्ण-शीर्ण स्थिति को देखते हुए बैठक की। इसमें सभी खिलाड़ियों ने एक स्वर से चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मात्र एक मनोज कमलिया स्टेडियम होने के कारण प्रतिदिन दर्जनों टीम के सैकड़ो लड़के यहां विभिन्न खेल विधा का अभ्यास व मैच में भाग लेते हैं। लेकिन अधिक संख्या होने के कारण आपस में ही खेल के दौरान प्रतिदिन चोटिल व घायल होते रहते हैं।

यहां की प्रतिभा कुंठित हो रही है। विगत कई वर्षो से पटना सिटी मैदान के निर्माण, गांधी सरोवर जॉगिंग ट्रैक एवं साइकिलिंग सड़क के निर्माण के लिए खेल विभाग एवं पर्यटन विभाग से मांग की जा रही है। इस उदासीनता के कारण खिलाड़ियों में आक्रोश है। अनेक बार खिलाड़ियों को बड़े प्रतियोगिता से वंचित होना पड़ रहा है। बैठक की अध्यक्षता



पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव, संचालन पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सुबोध कुमार यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन कराटे प्रशिक्षक जयप्रकाश मेहता ने किया।

खिलाड़ियों ने खेल विभाग से मांग की है कि यथाशीघ्र पटना सिटी स्कूल खेल मैदान सहित अन्य खेल मैदान की स्थिति का मुआयना कर खेल और खिलाड़ी के हित में जीर्णोद्धार करवाया जाए। मौके पर पूर्व पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा, कराटे प्रशिक्षक अतुल कुमार, क्रीड़ा भारती सचिव अवधेश कुमार, क्रिकेट कोच रणधीर यादव, स्काई क्रिकेट कोच विकास कुमार, लालदेव प्रसाद, मो रफीक, अवधेश यादव, राहुल कुमार, कृष्ण गोपाल, फुटबॉल खिलाड़ी प्रशांत कुमार, राजीव कुमार, बैडमिंटन खिलाड़ी संजय गोप, राहुल बनर्जी, अभिषेक सुल्तानिया, राजदीप कुमार मेहता, अजीत बोरा, संजीव रस्तोगी आदि खिलाड़ी शामिल हुए।

# माता के जागरण में झूमे भक्त, तेजप्रताप ने किया उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। सावन के पांचवें सोमवारी एवं रक्षाबंधन पर बिहार क्लब के द्वारा पातो की बाग में माता का जागरण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने किया। मुख्य अतिथि राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, श्री आनंद भगत, पटना सिटी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया।

पूर्व मंत्री तेज प्रताप ने कहा कि आज सावन का पांचवें सोमवारी एवं रक्षाबंधन है। इस अवसर पर आयोजित जागरण आयोजन समिति के विनय कुमार एवं बालेश्वर यादव को बधाई दी तथा कहा कि मां की आराधना करने से सभी मनोकामना पूरी होती है। हम मां से आराधना करता करते हैं कि बिहार में आपसी भाईचारा बनाए रहे। राज्य में लोग शिक्षित हों। सबों को रोजगार मिले एवं सभी स्वस्थ रहें। सभी के घर में खुशहाली हो। विकसित बिहार बने। मंच पर सभी कलाकारों को भी सावन एवं रक्षाबंधन की बधाई



दी। मंच का संचालन अरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी श्री बबन प्रसाद वर्मा, शरीफ अहमद रंगरेज, मो मेराज जिया, मनोज गुप्ता, विजय गुप्ता, एजाजुद्दीन उर्फ सानू, काशी प्रसाद चंद्रवंशी, गुड्डू कुमार चंद्रवंशी, मो सोनू, अभिषेक कुमार पटेल, बंटी कुमार सिंह, अमरनाथ कुमार, अज्जू यादव, जितेंद्र कुमार यादव, विजेंद्र कुमार बादल आदि को पूर्व मंत्री ने सम्मानित किया। जागरण में कलाकारों ने श्री गणेश, बाबा भोले, श्री दुर्गा माता, काली माता, शीतला माता, हनुमान जी आदि के भजनों की रसधारा में श्रोताओं को गोता लगाने को मजबूर किया। अनेक धमार्नुरागी तालियां बजाकर नाचते और झूमते भी दिखे। कार्यक्रम की समाप्ति अल सुबह आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# जन्माष्टमी व चेहल्लुम को ले सुल्तानगंज थाना में शांति समिति की हुई बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। सुलतानगंज थाना परिसर में चेहल्लुम में शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति एवं चेहल्लुम अखाड़ा कमेटी के साथ बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एएसपी शरथ आरएस एवं संचालन थानाध्यक्ष अजय कुमार ने किया। सभी अखाड़ा के खलीफा को बुलाकर समय से पूर्व आवेदन जमा कर लाइसेंस लेने के लिए कहा गया। लाइसेंस प्राप्त करने के लिएं कमेटी के सदस्यों को कम से कम दस आधार कार्ड की छाया कापी जमा करना होगा। लाइसेंस में दिये गए रूट और समय के अनुसार अरवाड़ा पहलाम करना होगा। अखाड़ा में किसी तरह का अस्त्र-शस्त्र ले जाना प्रतिबंधित है। डीजी बजाते देखे जाने पर जब्त कर लिया जाएगा। विदित हो कि 26 अगस्त को जन्माष्टमी पर सभी मन्दिरों को सजाने के साथ पूजा अर्चना के लिए देर रात तक बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा पाठ करने के लिए मंदिरों में आवागमन होता रहेगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के लिए पुलिस बल की विशेष गश्ती रहेगी। बैठक में पार्षद बैजू लाल दास, गणेश कुमार, मधुरंजन कुमार चुन्नी, अनिल कुमार यादव, बहादुर, मो फैसल, मो शकील आदि शामिल हुए।

# पटना साहिब स्टेशन पर मोटर जलने पानी को तरस गए यात्री

## दूसरा बोरिंग स्टाफ कॉलोनी में बन तैयार, आईओडब्ल्यू के कारण नहीं हो रहा शुरू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब स्टेशन पर पूरे दिन भर से लेकर देर रात तक यात्री तीनों प्लेटफार्म के नल के टोटी को दबाते रह गए, मगर एक बूंद पानी भी उससे नहीं टपका। इसके पीछे कारण यह रहा कि स्टेशन के पूरब की ओर मथनी के पहले उच्च जल प्रवाही का मोटर जल गया। इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को पूर्वाह्न करीब 10 बजे मिली। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारी व पदाधिकारी को सूचित किया, तब कहीं जाकर जले मोटर को बदलने का काम शुरू हो पाया। दूसरी ओर रेलवे क्वार्टर कॉलोनी में नया बोरिंग किया गया है,



मगर इसमें पाइप नहीं डाला गया है। पाइप डालकर मोटर लगा चालू कर दिया जाए, तो वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पटना साहिब स्टेशन पर कभी भी पानी का संकट नहीं हो सकेगा। बताया गया कि अल सुबह ही पटना साहिब स्टेशन के पूरब में रहा जलापूर्ति पंप का बोरिंग का मोटर जल गया था। अब इसे बदलने के लिए पाइप को निकालने का काम दोपहर में किया जा रहा था। सभी पाइप को निकाले जाने के बाद मोटर को हटा कर दूसरा मोटर डाल कर फिर सभी पाइप को अंदर डाला जाएगा। इसके बाद ट्रायल करने के बाद जलापूर्ति शुरू किया जाएगा। कार्य स्थल पर बताया गया कि देर रात या कल सुबह से ही जलापूर्ति शुरू होने की संभावना है। इस कारण से पटना साहिब स्टेशन के तीनों प्लेटफार्म पर यात्री लगे नल के टोटी को दबाते और हिलाते रह गए, मगर एक बूंद भी पानी नहीं टपका। स्थिति यह रही कि यात्रियों को बोतल बंद पानी खरीद कर काम चलाना पड़ा। वहीं हाथ-मुंह धोने के लिए भी बोतल बंद पानी का ही सहारा लोगों को लेना पड़ा। इस कारण से इस स्टेशन पर पदस्थापित पदाधिकारी, कर्मचारी से लेकर कूली और जीआरपी के पुलिस पदाधिकारी और बल को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर रेलवे क्वार्टर कॉलोनी में एक बोरिंग हो चुका है। मगर आईओडब्ल्यू इसे चालू नहीं कर पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उक्त बोरिंग में पाइप डाल कर मोटर लगाना है। इसके बाद जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। यदि क्वार्टर कॉलोनी का बोरिंग चालू रहता, तो पटना साहिब स्टेशन पर रेलवे स्टाफ, रेल पुलिस और यात्रियों को पानी के संकट का सामना नहीं करना पड़ता।

# तख्तश्री के एक गुट के अविश्वास प्रस्ताव पर हस्तक्षेप करें कस्टोडियन

## पटना साहिब पंत सेवक जत्था ने आंतरिक गुटबाजी को बताया गलत, चुनाव से क्यों भाग रहे सभी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब पंथ सेवक जत्था के अध्यक्ष चरणजीत सिंह और महासचिव इकबाल सिंह उर्फ लक्की बग्गा ने पटना के जिला व सत्र न्यायाधीश सह तख्तश्री कमेटी के कस्टोडियन को पत्र भेज कर हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। इन लोगों ने बताया है कि प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चार सदस्य हरपाल सिंह जौहल, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, डॉ गुरमीत सिंह, राजा सिंह और कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह की ओर से बैठक बुलाने के सौंपे पत्र में भेजे तय किए एजेंडा को असंवैधानिक बताया है। इन लोगों का कहना है कि तख्त साहिब की संविधान व उप नियम की धारा 25 के तहत प्रबंधक कमेटी की बैठक बुलाने के लिए जो एजेंडा तय किया है, वो संवैधानिक नहीं है। [illegible] क की संपुष्टि, महासचिव के द्वारा कमेटी के निर्देश और नियमों के खिलाफ कार्य करने के अनुशासनहीनता की स्थिति में महासचिव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रखने और अध्यक्ष की अनुमति से फुटकर बिंदुओं पर चर्चा शामिल है। यह असंवैधानिक है। सरदार चरणजीत सिंह ने कहा कि मामला विशुद्ध रूप से राजनीति से प्रेरित है। तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों के बीच चल रही गुटबाजी का ही परिणाम है कि अब तक कमेटी का चुनाव नहीं हो पा रहा है, जबकि कार्यकाल पूरा हुए एक साल से अधिक हो गया। दरअसल कमेटी के प्रधान जिस गुट के साथ संपोषित राजनीति कर रहे हैं, वह सब यह मानकर चल रहे हैं कि उनको दोबारा कमेटी में बतौर सदस्य भी आना मुश्किल है।

यही कारण है कि वह हर तिकड़म लगाकर कोर्ट से लेकर हर स्तर पर चुनाव जितना टाल सकते हैं, उसकी कोशिश की जा रही है। दूसरा कारण यह भी है कि श्री अकाल तख्त साहिब के उसे समय के जत्थेदार के द्वारा तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार रहे ज्ञानी इकबाल सिंह का इस्तीफा मंजूर करने का निर्देश उस समय के कमेटी के अध्यक्ष रहे अवतार सिंह हित वपूरी कमेटी को दिया गया था। उसे स्वीकार कर लिया गया और उसके बाद जत्थेदार के रूप में ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ए मस्कीन को नियुक्त किया गया था। मगर एक बार फिर जत्थेदार के पद पर ज्ञानी इकबाल सिंह को लाने का पुरजोर प्रयास ऐसे लोगों के द्वारा किया जा रहा है, ताकि जो भी चुनाव कराने या वर्तमान पदाधिकारी और सदस्यों के खिलाफ आवाज उठाएं, उस पर धार्मिक रूप से कार्रवाई करायी जा सके।

वहीं दूसरी ओर कोशिश है कि महासचिव के पद पर रहे इंद्रजीत सिंह को हटा कर मनोनुकूल व्यक्ति को उस पर काबिज कराया जा सके, ताकि चुनाव को तो लंबे समय तक टाला ही जा सके, यहां मनमाना रूप से कार्य किया जा सके, जो नियम और कानून से हटकर और ऊपर हो। पटना साहिब पंथ सेवक जत्था के अलावा सिख संगत, जो देश और विदेशों में भी रह रहे हैं, जिनका लगाव दशमेश पिता के जन्मस्थली से है, वह इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। पत्र में पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह तख्तश्री पटना साहिब के कस्टोडियन से मांग किए हैं कि वह अविलंब मामले में हस्तक्षेप करते हुए जल्द से जल्द चुनाव कराने की दिशा में प्रयास करें। फिलहाल जो पांच सदस्यों के द्वारा बैठक बुलाने का पत्र सोपा गया है, उस पर रोक लगाई जाए।

# चिकित्सक रेप कांड के विरोध में किया गया प्रदर्शन

पटना सिटी। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पटना सिटी शाखा द्वारा मंगलवार को तालाब स्थित रामदेव महतो सामुदायिक भवन के पास से शहीद भगत सिंह चौक तक कोलकाता में महिला ट्रेनी चिकित्सक रेप कांड के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मीना गुप्ता, डॉ बबली मेहता, डॉ शिल्पी गोलवारा, डॉ सुनीता अग्रवाल गोलवारा, डॉ कंचन यादव और डॉ कृति रोहतगी भी शामिल हुई। मौके पर शाखा अध्यक्ष विनीता डोकानिया, सचिव पूजा माखड़िया, कोषाध्यक्ष पूजा कानोडिया, प्रांतीय रक्तदान प्रमुख कविता पोद्दार, इंदु अग्रवाल, रीता ककरानिया, सीमा गोयल, रितु अग्रवाल, काजल सिंघानिया, सीमा शर्मा, नीता राठी, सीमा सुल्तानिया, मीनू केडिया, नेहा सराफ, तारा झुनझुनवाला, रुपा पोद्दार, सविता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, सुधा गुप्ता ईशा मुरारका, रुबी केडिया, रश्मि अग्रवाल, प्रियंका मुरारका आदि उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर सरकार से यही अपील की कि उन दरिंदों को फांसी की सजा दी जाए और विरोध दशार्ते हुए काला फीता भी लगाया। शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचने के बाद चिकित्सकों एवं संस्था से जुड़ी महिलाओं ने कहा कि जिस तरह से कोलकाता के केजी आर हास्पीटल में ड्यूटी में रहीं पीजी की छात्रा के साथ दरिंदगी कर उसकी हत्या की गई।

# मलेरिया व विभिन्न वेक्टरजनित रोगों पर एक्सपर्ट ने विचार किया साझा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरएमआरआईएमएस) ने मंगलवार को वेक्टर जनित बीमारियों पर विशेषज्ञों और गण्यमान्य व्यक्तियों के एक साथ चर्चा का आयोजन किया गया। शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई।

आरएमआरआई के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय ने स्वागत भाषण में बिहार में प्रवासी श्रमिकों पर आईसीएमआर-आरएमआरआईएमएस में मलेरिया पर चल रहे शोध, एलएक्स 408 में एंटी-लीशमैनिया आदि गतिविधियों में योगदान के साथ विश्व मलेरिया दिवस पर अपने विचार साझा किए। एंटी-लीशमैनिया ड्रग ट्रेल और हाल ही में चांदीपुरा वायरस के प्रकोप की जांच में आईसीएमआर आरएमआरआईएमएस का योगदान, एक सूचनात्मक दिन के लिए मंच तैयार कर रहा है। मलेरिया और अन्य वीबीडी के लिए राज्य कार्यक्रम अधिकारी (एसपीओ) डॉ अशोक कुमार ने मलेरिया से निबटने के लिए चल रही पहल और रणनीतियों को बताया। सामुदायिक भागीदारी के महत्व और शुष्क दिवस मनाने के महत्व पर भी चर्चा की गई। डब्ल्यूएचओ के डॉ राजेश पांडेय ने अफ्रीका में ट्रांसजेनिक मच्छरों के निशान जैसे वेक्टर नियंत्रण में नवीन तकनीकों के साथ-साथ मच्छरों के खिलाफ निरंतर लड़ाई, मच्छर विविधता और पारिस्थितिकी पर




प्रकाश डाला। उन्होंने कीट विज्ञानियों की आवश्यकता क्यों है और वीबीडी उन्मूलन और नियंत्रण में उनका महत्वपूर्ण योगदान क्या है, पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी (आरएचओ) बिहार के डॉ रविशंकर सिंह ने मलेरिया में सर रोनाल्ड रॉस के अपरिहार्य योगदान पर अपना मुख्य भाषण दिया।

आरएमआरआईएमएस के पूर्व वैज्ञानिक डॉ विजय कुमार ने व्यापक शोध अनुभव को साझा किया, जिसमें वेक्टर वितरण, वेक्टर प्रतिरोध और वीबीडी अनुसंधान की भविष्य की दिशा पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अतिरिक्त निदेशक, पटना फील्ड इकाई के प्रभारी अधिकारी डॉ शौकत कमल ने भी विचार रखे।

इसके बाद प्रदर्शनी और पोस्टर प्रस्तुत की गई, जिससे छात्रों और शोधार्थियों को अपने शोध और नवाचारों को प्रदर्शित करने का मौका मिला। गणमान्य व्यक्तियों को क्रिसेंथिमम (मच्छर निरोधक) का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन वेक्टर जीव विज्ञान और नियंत्रण प्रभाग के प्रमुख अनिल कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। मौके पर डॉ वहाब अली, डॉ गणेश चंद्र साहू, डॉ रोशन कमल टोपनो, डॉ नियामत अली सिद्दीकी, डॉ शुभंकर सिंह, डॉ अभिक सेन, डॉ आशीष कुमार, डॉ यश पॉल शर्मा, डॉ (प्रमुख) मधुकर, डॉ आशिक हुसैन भट्ट, डॉ मानस राजन दीक्षित, डॉ कविता भारती, डॉ अजय कुमार, डॉ गोपाल विश्वास, डॉ दयाकर अल्टी, डॉ अनुराग पप्पू, डॉ के अभिषेक आदि भी उपस्थित थे। यह आयोजन जबरदस्त सफल रहा, जिससे विशेषज्ञों, छात्रों और उपस्थित लोगों के बीच सार्थक चर्चा और सहयोग को बढ़ावा मिला। प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में जलपान पैकेट भी प्रदान किए गए।

# हिमालय की तरह ऊँचा था पूर्व मंत्री खदेरन बाबू का व्यक्तित्व

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम। फकीरी की ज़िंदगी जीने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व मंत्री खदेरन सिंह का व्यक्तित्व हिमालय की तरह ऊँचा था। उन्होंने बिहार के पूर्व सीएम डॉ कपूर्री ठाकुर की भाँति समाज के उत्थान लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके हाथ में समता की एक ऐसी क्षेणी-हथौड़ी थी, जिससे उन्होंने समाज के अनेक अनगढ़ पत्थरों को सुंदर मूर्तियों में गढ़ दिया। उन्होंने दधीचि की तरह सामाजिक विकास के लिए अपनी सारी हड्डियाँ गला दीं । उक्त बातें खदेरन सिंह स्मृति समिति द्वारा पूर्व मंत्री खदेरन सिंह की 50 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को बिक्रम में आयोजित



श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कॉंग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कही`

मौके पर आयोजित सभा की अध्यक्षता अविनाश कुमार एवं संचालन आदित्य राज ने किया। समारोह के शुरूआत में मुख्य अतिथि सह बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, जहानाबाद के पूर्व सांसद जगदीश शर्मा समेत कई अन्यों ने पूर्व मंत्री के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए` वहीं वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला` स्मृति समिति के मुख्य सदस्य सर्वश्री नलिनीकांत पप्पू, कॉंग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ अशोक गगन, कॉंग्रेस नेता मंटू शर्मा, जिला अध्यक्ष चंदन कुमार व डॉ आशुतोष समेत कई अन्यों ने सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री खदेरन सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला व उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया` मौके पर मनु पासवान , पप्पु कानू, मंडल मुखिया, पारस प्रसाद, संतोष कुमार ठाकुर,रामध्यान राम, द्वारिका प्रसाद वर्मा, राजेन्द्र सिंह, सुजीत कुमार, मोहम्मद क्यूम अंसारी,नवाजीस अलि, सियाशरण यादव, रामलला शर्मा,रनेश कुमार व अरविंद कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# शिक्षा जगत में बेहतर योगदान के लिए बिहटा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सम्मानित

प्रात :किरण संवाददाता

बिहटा। विधान परिषद सभागार में मंगलवार को आयोजित चौखट से चौपाल कार्यक्रम में शिक्षा जगत में सराहनीय योगदान देने के लिए बिहटा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ उदय कुमार सिंह को पंचायती राज्य मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता व पूर्व उपमुख्य मंत्री तारकेश्वर प्रसाद ने सम्मानित किया। विदित हो कि उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में गरीब बच्चो को निःशुल्क एवम अन्य बच्चो को बहुत हीं कम शुल्क पर शिक्षा देकर शिक्षा



जगत में सराहनीय योगदान देने के लिए मिला है। मौके पर बिहटा आवासीय विद्यालय की प्राचार्या सोनी सिंह व शिक्षिका अंजनी कुमारी को भी सम्मानित किया गया। गौरतलब है की बिहटा पब्लिक स्कूल में वर्षो से गरीब बच्चों को निःशुल्क तथा अन्य बच्चों को काफी कम पैसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ उदय कुमार सिंह का मानना है की ये बच्चे कल के भविष्य है। गरीबी उनके शिक्षा व भविष्य के बीच में दीवार न बने इसके लिए हमारी एक छोटी सी कोशिश है की यथा संभव जो भी हमारे विद्यालय के दरवाजे तक आ जाये वो खाली हाथ न लौटे।डॉ उदय ने कहा कि बचपन से हमने गरीबी व उसका नुकसान देखा है, इसलिए हम अपनी क्षमता के अनुकूल समाज को योगदान देने की विशेष कोशिश कर रहे हैं। वहीं प्राचार्य को सम्मानित किये जाने पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है, कई शिक्षाविदों ने डॉ उदय को बधाई दी है ।

# कृषि मंत्री ने 51 कृषि समन्वयकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

## दो हजार कृषि समन्वयकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी : मंगल

● नवचयनित कृषि समन्वयकों को दिया गया नियुक्ति पत्र



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने मंगलवार को कृषि भवन के सभागार में नवचयनित कृषि समन्वयकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल द्वारा की गई। मंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि राज्य में कृषि समन्वयकों के कुल 4391 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु जिलावार एवं कोटिवार रिक्ति कृषि विभाग द्वारा बिहार कर्मचारी चयन आयोग को अधियाचना भेजी गई थी, जिसमें आयोग द्वारा वर्ष 2017 में कुल 3600 अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी किया गया एवं 3507 अभ्यर्थियों के संबंध में जिलावार एवं कोटिवार अनुशंसा विभाग को कृषि समन्वयक के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराई गई। शेष अभ्यर्थियों का बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसा प्राप्त होने पर प्रमाण-पत्र की जांच, सत्यापन हेतु 14 अगस्त को कृषि भवन स्थित सभागार में बुलाया गया एवं इनके प्रमाण-पत्रों जांच,सत्यापन किया गया। प्रमाण-पत्रों की जांच, सत्यापन के उपरांत आज 51 कृषि समन्वयकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वर्तमान में कृषि समन्वयक के कुल 4391 पद स्वीकृत है, जिसमें 2400 कृषि समन्वयक कार्यरत है। लगभग 2000 कृषि समन्वयकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कृषि समन्वयकों के नियुक्ति हो जाने से राज्य में कृषि विभाग की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, किसान चौपाल, किसान पाठशाला, खरीफ अभियान, रबी अभियान आदि कार्यक्रमों का सफल आयोजन करने में मदद मिलेगी।

श्री पाण्डेय ने कहा कि नवचयनित कृषि समन्वयकों से उम्मीद है कि वे पूरी कर्त्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदारी के साथ कार्य कर कृषि विभाग को नये मुकाम तक ले जायेंगे। इन कृषि समन्वयकों की नियुक्ति से क्षेत्रीय कर्मियों की कमी से जुझ रहे कृषि विभाग को बल मिलेगा और भविष्य में नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने नवचयनित कृषि समन्वयकों को जीवन में अनुशासन तथा आमजनों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ-साथ दायित्त्वबोध होने की सलाह दी।

**योजनाओं को ससमय पूरा करने में सहयोग करें :**

कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने इन नवचयनित कृषि समन्वयकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप लोग विभाग में पूरी ईमानदारी एवं कर्त्तव्य के प्रति समर्पित होकर अपने कार्य का निर्वहन कर कृषि विभाग को नये ऊँचाईयों तक ले जायेंगे। उन्होंने नवचयनित कृषि समन्वयकों से अपील किया कि चतुर्थ कृषि रोड के तहत राज्य में संचालित विभागीय योजनाओं को ससमय पूरा करने में सहयोग करें।

**ये रहें मौजूद :**

इस कार्यक्रम में कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव, शैलेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव द्वय मदन कुमार एवं मनोज कुमार, अपर निदेशक (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, उप निदेशक (प्रशासन) मुकेश कुमार अग्रवाल, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, सहित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# संविधान प्रदत्त आरक्षण को अक्षुण्ण रखना केंद्र सरकार की प्राथमिकता : सम्राट

## बोलें- प्रधानमंत्री की पहल पर लेटरल एंट्री का विज्ञापन हुआ वापस

● पीएम मोदी के रहते एससी, एसटी और ओबीसी के हितों की नहीं हो सकती अनदेखी



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लेटरल एंट्री के तहत बहाली के लिए केंद्रीय लोकसेवा आयोग द्वारा निकाले गए विज्ञापन को वापस कराने की पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह एक साहसिक निर्णय है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी के रहते एससी, एसटी और ओबीसी के हितों की कोई अनदेखी नहीं कर सकता है। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधी बहाली की अवधारणा बनाई गई थी, जिसमें आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं था। दरअसल कांग्रेस तो शुरू से ही अनुसूचित जाति/जनजाति व ओबीसी के आरक्षण का विरोधी रही है। प्रधानमंत्री रहते हुए जवाहर लाल नेहरू ने 1961 में और राजीव गांधी ने विपक्ष का नेता रहते हुए लोकसभा में ओबीसी आरक्षण का विरोध किया था। लेटरल एंट्री सभी के लिए खुली है। सभी वर्ग के लोग अप्लाय करते हैं। क्या जब कांग्रेस की सरकार लेटरल एंट्री के माध्यम से भर्ती कर रही थी, तो उसमें आरक्षण की व्यवस्था थी? उन्होंने कहा कि अचानक कांग्रेस सहित राजद व अन्य विपक्षी पार्टियों का ओबीसी के प्रति प्रेम उमड़ आया है। वे एससी, एसटीऔर ओबीसी के छात्रों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष झूठ फैलाकर लोगों में जातीय उन्माद पैदा करने का प्रयास कर रहा है, जिस पर मोदी ने पानी फेर दिया है। विपक्ष यूपीएससी जैसी संस्थाओं की छवि खराब करने की भी कोशिश कर रहा है। श्री चौधरी ने कहा है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को लेटरल एंट्री के जरिए ही 1976 में फाइनेंस सेक्रेटरी, मोंटेक सिंह अहलूवालिया को योजना आयोग का उपाध्यक्ष और सोनिया गांधी को नेशनल एडवाइजरी काउंसिल का चीफ बनाया गया था। तब कांग्रेस को आरक्षण की याद क्यों नहीं आई?उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेटरल एंट्री के जरिए होने वाली सीधी नियुक्ति के हालिया विज्ञापन को वापस करा कर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके रहते एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता है। संविधान प्रदत्त आरक्षण को सुनिश्चित रखना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# लेटरल एंट्री के द्वारा भर्ती की प्रक्रिया का लोजपा रा पक्षधर नहीं : चिराग



● बोलें- प्रक्रिया को रद्द करने की केन्द्र सरकार का फैसला स्वागत योग्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा यूपीएससी मे लेटरल एंट्री के द्वारा भर्ती की प्रक्रिया का मै और मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास कभी पक्षधर नहीं रही है। मंगलवार को राज्य मुख्यालय में प्रेस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी मांग थी कि कोई भी सरकारी नियुक्तियां आरक्षण के प्रावधानों को ध्यान में रखकर होना चाहिए। कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर इस प्रक्रिया को रद्द करने की फैसला लिया गया है, जिसका मैं और मेरी पार्टी स्वागत करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाला केंद्र की एनडीए सरकार समाज में कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए संकल्पित है, ऐसे में ये फैसला दलित और पिछड़ो के पक्ष में है। आगे श्री चिराग ने कहा कि जो अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर का सवाल आया है, तो कहीं से भी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति जिनका आधार ही छुआछूत रहा है। ना सामाजिक रहा,ना आर्थिक रहा है, ना राजनीतिक रहा है सिर्फ छुआछूत रहा है। ऐसी स्थिति में क्रीमी लेयर की संभावना का सवाल ही नहीं उठता है। वहीं, चिराग ने आगे कहा कि वक्फ बोर्ड में संशोधन को लेकर विधेयक कुछ दिन पहले भारत के संसद में आया था और उस वक्त भी मैं और मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास प्रमुखता से सरकार के समक्ष यह सुझाव रखा था कि इसको लेकर मुसलमान समाज में किसी तरह का कोई गलत भावना ना जाए ताकि विपक्ष को हिंदू मुस्लिम करने और यह कहने का मौका ना मिले कि मुसलमान को सरकार प्रताड़ित कर रही है। ऐसी धारणा किसी भी समाज में नहीं जाए, कोई गलत भावना ना जाए ,इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया जाए और उस बिल को उस कमेटी में रेफर कर देना चाहिए और इस बिल को रखने का मौका मिले। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि प्रेस संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक, जमुई सांसद अरुण भारती, राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज अहमद कैफी, मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट मौजूद थे।

# तेजस्वी ने लेटरल एंट्री पर उठाए सवाल

## कहा-विशेष विचारधारा के लोगों की बैक डोर से एंट्री का प्रयास

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लेटरल एंट्री के जरिये केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान और आरक्षण को खत्म कर असंवैधानिक तरीके से लेटरल एंट्री के जरिए उच्च सेवाओं में आईएएस, आईपीएस की जगह बिना परीक्षा दिए आरएसएस के लोगों को भर रहे हैं। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक बयान जारी कर 18 बिंदुओं के जरिये सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सम्मत उच्च सेवाओं में भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से होती है जिसमे प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार होता है। इसमें एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए रिजर्वेशन लागू होता है। लेकिन लेटरल एंट्री में भर्ती सिर्फ साक्षात्कार के माध्यम से हो रही है और बिना परीक्षा के। इसमें सभी लोग भाग नहीं ले सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण विरोधी हैं, इसलिए इन उच्च पदों में आरक्षण को खत्म करने के लिए इसे एकल पद दिखाया गया है जबकि कुल पद 368 हैं। अगर इसमें आरक्षण लागू होगा तो इनमें से 50 प्रतिशत पद दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को मिलते। बिना परीक्षा की ऐसी सीधी नियुक्ति में इन्हें सीधा नुकसान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह भाई-भतीजावाद एवं विशेष विचारधारा के लोगों की बैक डोर एंट्री है अन्यथा आईएएस, आईपीएस में भर्ती युवा हर क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। जरूरत है सिर्फ सही अधिकारी की सही पोस्टिंग करने की। लेकिन पोस्टिंग के वक्त मोदी सरकार अधिकारियों की जाति के आधार पर प्राथमिकता देती है। यही कारण है कि केंद्रीय सरकार में सचिव स्तर पर एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारी ना के बराबर हैं।

# न्याय के साथ विकास को बढ़ावा देना सरकार का लक्ष्य : विजय

● बोलें-भारत की सभ्यता संस्कृति में कट्टरता के लिए कोई स्थान नही

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत की सभ्यता,संस्कृति और शिक्षा में कट्टरपंथी सोच के लिए कोई स्थान नहीं है। हमने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ सभी मतों को सम्मान देने वाले समरस समाज का समर्थन किया है। यही हमारे संविधान की मूल भावना भी रही है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि हमारे देश में जनता मालिक है। इसलिए जनता के पैसे से चलने वाले संस्थान हों, शिक्षण केंद्र हों या सरकार प्रायोजित योजनाएं हों उनमें संकीर्णता और कट्टरवाद के लिए कोई जगह हो ही नहीं सकती। हमारी सरकार भी सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य को सामने रखकर न्याय के साथ विकास को सर्वसुलभ बनाने में जुटी है। इसमें किसी व्यक्ति अथवा सरकार समर्थित संस्थानों के माध्यम से सामाजिक समरसता को असंतुलित करने के हर प्रयास पर सरकार नियमानुसार संज्ञान लेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि हम शिक्षा में अपने सनातन मूल्यों के संरक्षण के साथ आधुनिकता और नवाचार को बढ़ावा देने के पक्षधर हैं। इसलिए हर धर्म से जुड़े महापुरुषों के प्रति सम्मान और आदर हमारी शिक्षा प्रणाली की मूलभूत विशेषता रही है। हमने हर धर्म और मत से जुड़ी अच्छाइयों से सीखने की संस्कृति को जिया है। इसीलिए भारत अनेक मतों की मौजूदगी के बावजूद आज भी एक है। हमारी नई शिक्षा नीति में भी इसी मूल्य आधारित आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की भावना अभिव्यक्त की गई है। श्री सिन्हा ने कहा हम जिस लोकतांत्रिक समाज के अंग हैं वहां दलगत विचारधाराएं अलग-अलग हो सकती है। हमारे काम करने के तौर-तरीके अलग हो सकते हैं। पर हर वर्ग का उत्थान और कल्याण ही सबका अंतिम लक्ष्य है। इसलिए यदि हमारे बच्चों या युवाओं में कट्टरता के बीज बोने का कोई प्रयास अगर प्रामाणिक रूप से संज्ञान में आता है तो उससे न केवल कड़ाई से निपटा जाएगा बल्कि जिम्मेदार लोगों पर नियमसंगत कार्रवाई भी की जाएगी।

# लैटरल एंट्री विज्ञापन वापस लिया जाना इंडिया गठबंधन के दबाव का परिणाम :राजद

## भारत बंद को राष्ट्रीय जनता दल का नैतिक और सैद्धांतिक समर्थन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने कहा कि भारत बंद को नैतिक और सैद्धांतिक समर्थन पार्टी की ओर से रहेगा। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पहले ही दिन कहा था कि राष्ट्रीय जनता दल आरक्षण के वर्गीकरण के पक्ष में नहीं है और इसके लिए केन्द्र सरकार को विसंगतियों को दूर करने के लिए अध्यादेश लाकर सुधार की दिशा में कार्रवाई करें। आज कमजोर और गरीबों के अधिकार छीने जा रहे हैं और उन वंचितों के प्रति केन्द्र सरकार का क्या रवैया है ये स्पष्ट रूप से दिख रहा है। शोषितों, वंचितों और गरीबों के अधिकार को जो संविधान के तहत मिले हुए हैं उसको पिछले दरवाजे से छीन्ने का प्रयास चल रहा है। उनके अधिकार को संकुचित कर देश को कमजोर करने की जो साजिश है उससे हमलोगों को सजग रहकर मुकाबला करना होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चैधरी ने कहा कि आगे ताला क्या और बेईमान के आगे केवाला क्या। आज उसी तरह की स्थिति लेटरल इंट्री के माध्यम से केन्द्र सरकार ने पैदा की थी, जिसे समय रहते तेजस्वी जी एवं इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं ने विरोध करके केन्द्र सरकार को इसे वापस लेने के लिए मजबूर किया लेकिन अभी भी इस पर संघ लोक सेवा आयोग का कोई वक्तव्य नहीं आया है। मंत्री स्तर से बयान दिलवाकर आरक्षण पर लोगों में जो गुस्सा है उसको कम करना चाहते हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचन्द्र राम ने कहा कि तेजस्वी ने लेटरल इंट्री तथा आरक्षण व्यवस्था समाप्त करने वाली नीतियों का विरोध करके दलित, पिछड़ा, शोषित, वंचित के हक और अधिकार को छीनने की केन्द्र सरकार के स्तर से जो साजिश चल रही थी उसे बेनकाब किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार साधु ने कहा कि आरक्षण छीनने की साजिश चल रही है। मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव व इंडिया गठबंधन के साथियों ने केन्द्र सरकार को लेटरल इंट्री विज्ञापन को वापस लेने के लिए मजबूर किया। ये आम जनता तथा इंडिया गठबंधन के नेताओं की मजबूती से बात उठाने की जीत है।

# अनर्गल और तथ्यहीन आरोप लगाते हैं राजद नेता : लेसी

## कहा- सूबे में कानून का राज स्थापित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने राजद के आरोपों पर पलटवार किया है। मंगलवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मीडिया से मुखातिब मंत्री ने कहा कि राजद की सरकार में अपराधियों के भय से पीड़ित थाने तक जाने की भी हिम्मत नहीं जुटाता था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज कानून का राज स्थापित है और प्रदेश की आम जनता के मन से अपराधियों का भय समाप्त हो चुका है। साथ ही उन्होंने कहा कि अनंत सिंह की रिहाई न्यायालय से संबंधित मामला है लेकिन मुद्दों के अभाव में राजद नीतीश सरकार पर अनर्गल और तथ्यहीन आरोप लगा रही है। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार की घटना पर लेसी सिंह ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में बलात्कार जैसी घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। इस घटना की हम कठोर शब्दों में निंदा करते हैं और एक महिला होने के नाते हमारी मांग है कि इसमें संलिप्त अपराधियों के खिलाफ ऐसी कारवाई सुनिश्चित हो जो कि भविष्य में नजीर बने। इससे पहले मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव अनिल कुमार एवं वरीय नेता प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं मौजूद रहे।

# आरक्षण का विरोधी नहीं, संरक्षक है केंद्र की मोदी सरकार: मंगल



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने लेटरल एंट्री के जरिए 45 वरिष्ठ पदों पर सीधी बहाली के लिए यूपीएससी द्वारा निकले गए विज्ञापन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद वापस लेने को बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार आरक्षण का विरोधी नहीं बल्कि संरक्षक है। पीएम की इस पहल से आरक्षण को लेकर दुष्प्रचार का विपक्ष का मंसूबा एक बार फिर ध्वस्त हुआ है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि लेटरल एंट्री के जरिए जॉइंट सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी और डायरेक्टर जैसे बड़े सरकारी पद विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट लोगो की सीधी बहाली कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार का कंसेप्ट थी।1976 में मनमोहन सिंह भी लेटरल एंट्री के जरिए ही फाइनेंस सेक्रेटरी बने थे। इतना ही नहीं सोनिया गांधी को नेशनल एडवाइजरी काउंसिल का प्रमुख लेटरल एंट्री के जरिए ही बनाया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा ही 2005 में गठित प्रशासनिक सुधार कमेटी ने सरकार को सुझाव दिया था कि सरकारी विभाग में बड़े पदों पर बैठने वाले अधिकारियों को उस क्षेत्र का एक्सपर्ट होना जरूरी है। इसलिए पारंपरिक सिविल सेवाओं के जरिए भर्ती के बजाय कुछ सीनियर पदों पर उस क्षेत्र के विशेषज्ञों को भर्ती करना चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेटरल एंट्री जैसे संवेदनशील मुद्दों पर तत्काल पहल करते हुए विज्ञापन को वापस करवा कर यह भी निर्देश दिया है कि संविधान प्रदत्त आरक्षण की व्यवस्था हर तरह की सरकारी नियुक्तियों में जरूर लागू किया जाय। प्रधानमंत्री के इस कदम से एससी, एसटी और ओबीसी के हितों की जहां रक्षा होगी, वहीं यह भी स्पष्ट हो गया है कि मोदी के रहते आरक्षण से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता है।

# मोदी सरकार के रहते आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता : प्रभाकर




पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि पीएम मोदी संवैधानिक व्यवस्था के सबसे बड़े संरक्षक हैं। पीएम मोदी के रहते कोई आरक्षण व्यवस्था को छू भी नहीं सकता। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दूसरे दलों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि अब इसका खुलासा हो चुका है कि आरक्षण की व्यवस्था को कौन बनाये रखना चाहता है और कौन उसका विरोधी है। केंद्र की एनडीए सरकार ने यूपीएससी की लेटरल एंट्री भर्ती पर रोक लगा दी है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से यूपीएससी को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि लेटरल एंट्री पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन का विरोध सिर्फ ढकोसला था। 2005 में कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में स्थापित दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग ने लेटरल एंट्री जोरदार समर्थन किया था। यूपीए के शासन काल में प्रशासनिक सुधार आयोग ने विशेष ज्ञान कीआवश्यकता वाले पदों में रिक्तियों को भरने के लिए विशेषज्ञों की भर्ती की सिफारिश की थी। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल का विरोध गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज जैसा है। श्री मिश्र ने कहा कि असल में इंडी के नेताओं की नीयत ही ठीक नहीं है। ये सिर्फ झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं।

# रागनी कुमारी बनी कुशवाहा समाज के प्रदेश सचिव



पटना। समाजिक,राजनीतिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए सिमरी गांव निवासी रागनी कुमारी को अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बिहार प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया है। रागनी कुमारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा,एवं प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा को इसके लिए धन्यवाद आभार प्रकट करते हुआ कहा है कि मेरे नेतृत्व में अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) राजनीतिक,समाजिक,आर्थिक,शिक्षा,रोजगार,महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में मजबूत करने का काम करेंगे।प्रदेश सचिव बनने पर जिला अध्यक्ष शिवपूजन कुशवाहा,सुजीत कुशवाहा,अनिल कुमार, अरूण कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में मनी राजीव गाँधी की जयंती

पटना। पटना महानगर जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की 80वीं जयंती पर फेयर फील्ड कॉलोनी दीघा घाट के आशादीप दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर दिव्यांग बच्चों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आज के दिन मैं आशादीप दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर आकर खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूँ कि हमारे पटना में ऐसे दिव्यांग बच्चों के लिए केंद्र संचालित हैं और यहाँ के बच्चें इतने हुनरमंद है जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना नाम रौशन किया है। प्रदेश कांग्रेस ने इस संस्थान को हर संभव मदद देने का भरोसा देते हुए कहा कि स्मार्ट बोर्ड और अन्य जरुरी संसाधन यहाँ मैं जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन देता हूँ। पटना महानगर अध्यक्ष शशि रंजन ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी के जन्मदिन के मौके पर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत इस केंद्र पर कार्यक्रम किया गया और यहाँ के बच्चों के बेहतरी में क्या जरुरी सुधारवादी कदम हो सकते हैं इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित शीर्ष कांग्रेस नेताओं के आगमन से दिव्यांग केंद्र को और बेहतर तरीके से संचालित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि देश के विकास में इन बच्चों का भी योगदान समुचित रूप से रहें इसके लिए हमारा पूरा सहयोग रहेगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस ने किया नमन

## सदाकत आश्रम में पूर्व पीएम के आदमकद प्रतिमा पर पार्टी नेताओं ने किया माल्यार्पण



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की 80वीं जयंती पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में उनके आदमकद प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह सहित प्रमुख नेताओं के द्वारा माल्यार्पण किया गया। सदाकत आश्रम में माल्यार्पण के बाद संवाददाताओं से मुखातिब होते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की 80वीं जयंती पर आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गाँधी संचार क्रांति के जनक थे। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश के करोड़ों लोगों में आधुनिक भारत के निर्माण के प्रति अपने पांच साल के ही कार्यकाल में अलख जगाने का काम किया। उनके द्वारा किये गये अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में वैश्विक परिद्रिश्य में सशक्त कर खड़ा कर दिया गया। माल्यार्पण करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा मदन मोहन झा, कौकब कादरी, प्रेमचन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, विधान पार्षद डा समीर कुमार सिंह, विधायक नीतू कुमारी, श्याम सुन्दर सिंह धीरज कोषाध्यक्ष निर्मलेन्दु वर्मा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजेश राठौड़, ब्रजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहें।

### राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को किया दुरुस्त :अखिलेश

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस पंचायती राज विभाग की ओर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की 80वीं जयंती पर बीआईए सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने देश में पंचायती राज व्यवस्था को दुरुस्त किया। उन्होंने महिलाओं को पंचायतों में आरक्षण का प्रावधान दिया और साथ ही मतदाताओं के लिए युवाओं के उम्र सीमा को 21 से घटाकर 18 वर्ष करके युवाओं को देश के प्रति जिम्मेदार बनाया। उन्होंने पंचायतों के अधिकारों को मजबूती प्रदान की जिसका परिणाम रहा कि देश में आज महिलाओं की स्थिति पंचायती राज व्यवस्था में सुदृढ़ हुई है। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस पंचायती राज विभाग के चेयरमैन असफर अहमद ने किया।

## निरीक्षण



वैशाली जिले में निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह बुद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# फेको विधि से मोतियाबिंद का होगा निःशुल्क ऑपरेशन

पटना। राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रविवार 25 अगस्त को 15 गरीबों का निःशुल्क फेको विधि से मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाएगा। सभी मरीजो का चयन ट्रस्ट द्वारा आयोजित न्यू बहादुरपुर स्थित श्री बालाजी नेत्रालय के आंख जांच शिविर में किया गया था। सभी मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री बालाजी नेत्रालय में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा रविवार 25 अगस्त को किया जाएगा। डॉ मोहनका ने बताया कि इनमें से पांच मरीजो को मोतियाबिंद के कारण एक आंख से बिल्कुल नही दिखाई देता है। मौके पर ट्रस्ट के सचिव एम पी जैन ने बताया कि सभी मरीजों को दवा, खाना इत्यादि ट्रस्ट की तरफ से दिया जाएगा। मौके पर बरखा मोहनका ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा लगातार गरीबों की सेवा के कार्य किये जा रहें हैं।

# पटना पुरी पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 01 दिसंबर तक

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 08439/08440 पुरी-पटना-पुरी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब इस ट्रेन का परिचालन (मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर के रास्ते) पूजा स्पेशल ट्रेन के रूप में दिनांक 05 अक्टूबर से 01 दिसंबर तक और 9-9 ट्रिप किया जाएगा। गाड़ी संख्या 08439 पुरी-पटना पूजा स्पेशल प्रत्येक शनिवार को पुरी से 14.55 बजे खुलकर अगले दिन 09.25 बजे पटना पहुंचती है। वापसी में गाड़ी संख्या 08440 पटना-पुरी पूजा स्पेशल प्रत्येक रविवार को पटना से 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 09.45 बजे पुरी पहुंचती है।

## संक्षिप्त खबरें

### ललनामिवि के कुलपति को मुंगेर विश्वविद्यालय का मिला अतिरिक्त प्रभार



दरभंगा। राजभवन सचिवालय, पटना से जारी अधिसूचना के अनुसार महामहिम राज्यपाल व बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी को मुंगेर विश्वविद्यालयों के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिये जाने का आदेश दिया है। सोमवार को कुलाधिपति के आदेश पर राज्यपाल सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मुंगेर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो श्यामा राय का कार्यकाल समाप्त होने के कारण प्रो चौधरी को मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अधिसूचना के अनुसार अपराह्न 19 अगस्त 2024 से अगले नियमित कुलपति के चयन तक अथवा कुलाधिपति के अगले निर्णय तक प्रो संजय कुमार चौधरी बतौर मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस खबर से समूचा मिथिला विश्वविद्यालय हर्षित है। आशा की जा रही है कि प्रो चौधरी के कुशल व दक्ष प्रशासनिक नेतृत्व में मुंगेर विश्वविद्यालय शिक्षण की नई उच्चाईयों को प्राप्त करेगा।

### बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

मधुबनी हरलाखी मधवापुर प्रखंड के सलेमपुर पंचायत के पखरौनी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को बदहाल सड़क को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है वार्ड नंबर दस में कच्ची सड़क है, सड़क पर जल जमाव है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्रामीणों ने विधायक, सांसद के खिलाफ मुदार्बाद का नारे लगाते हुए अपने गुस्सा का इजहार किया। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे जो जानलेवा बना है, विकास से कोसों दूर है। स्थानीय लोगों ने बताया बिकरू साह के घर से लेकर बोकहा जाने वाली सड़क है। जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती है। वही विरोध प्रदर्शन में शामिल राज कुमार साफी, रामश्रेष्ठ कापर, लाल कापर, धनवीर कापर, शिव कुमार साफी, यशोदा देवी, तिरुपति साह, बैजनाथ कापर, अभिषेक कुमार साफी, राम सरोवर राय, मरनी देवी, फर्जी पत्रकार अमरेंदर कुमार सिंह, इन्दु देवी, बनारसी देवी, निर्मला देवी, रूबी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती

विभूतिपुर/समस्तीपुर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80 वीं जयंती प्रखंड कांग्रेस कार्यालय कल्याणपुर में मनाई गई। अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कपिलेश्वर कुंवर कर रहे थे। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। वहीं उपस्थित वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से सीख लेने की बात कही। मौके पर संजीव कुमार ठाकुर, चंद्रभूषण सिंह, धर्मेश चौधरी, पवन कुमार सिंह, संतोष चौधरी, पुरुषोत्तम चौधरी, शत्रुघ्न पासवान, अजीत कुमार सिंह, सावन कुमार, मोहम्मद सद्दाम, जयशंकर ईसर, अजीत झा, अजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित हुए।

### युवक की संदेहास्पद मौत, हत्या की आशंका

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के बेलसंडी डीह वार्ड 09 में एक घर के पीछे एक युवक का लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक की पहचान आलमपुर कोदरिया पंचायत के कोदरिया वार्ड चार निवासी विनोद शर्मा 30 वर्ष पिता हरे कृष्णा शर्मा के रूप में किया गया है। बताया जाता है कि युवक पहले प्रदेश में रहकर काम करता था। इधर कुछ दिनों से मुजफ्फरपुर में बढ़ई का काम कर रहा था। दो-तीन दिन पर घर आता था। पत्नी मुन्नी देवी पुत्री दर्पण कुमारी को लेकर मायके में थी। आज मंगलवार की सुबह 9:00 बजे वह घर से निकला था।युवक की संदेहास्पद मौत से तरह-तरह की चर्चाएँ जारी है। कोई हत्या आशंका जाता रहा है तो कोई--? वहीं सूचना पर पहुंची विभूतिपुर पुलिस लाश को कब्जे में लेकर प्रारंभिक कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। युवक की मौत की खबर सुनते ही माता सुशीला देवी देवी और पत्नी मुन्नी देवी चीत्कार मार मार कर बेसुध हो रही थी। मृतक विनोद शर्मा दो भाइयों में प्रमोद शर्मा से बड़ा था। उनके एक पुत्र रोहित कुमार एवं एक पुत्री दर्पण कुमारी है।

# शहर में परिचालित होने वाले सवारी से जाम की समस्या को ले डीएम कि अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र से होकर परिचालित होने वाली सवारी बसों का मार्ग परिवर्तन करने एवं निदान हेतु प्राप्त सुझाव तथा शहरी क्षेत्रों में यातायात तथा जाम की अन्य प्रमुख समस्याओं के निराकरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

उपस्थित पदाधिकारी के साथ विस्तृत विचार-विमर्श समीक्षा के उपरांत दरभंगा शहरी क्षेत्र में होने वाले यातायात की समस्या एवं इसके निदान के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। दरभंगा जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र से होकर विभिन्न मार्गों के लिए परिचालित होने वाले सवारी बसों का परिचालन यातायात जाम की समस्या एवं आम जन सुविधा की दृष्टिकोण से पुलिस पदाधिकारी द्वारा निर्धारित नो-इंट्री की समयावधि में दरभंगा शहर क्षेत्र में अगले आदेश तक सवारी बसों नहीं होगा प्रवेश। बिहार मोटर वाहन नियमावली 1993 के नियम 114 में निहित प्रावधान के आलोक में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार दरभंगा द्वारा अधिसूचित मार्ग संख्या 1851 दरभंगा से कुशेश्वरस्थान,4348 दरभंगा से मधेपुरा,3340 दरभंगा से सहरसा, 1877 दरभंगा से रसियारी, 1866 दरभंगा से पघारी,1836 दरभंगा से बौराम,1884 दरभंगा से तरडीहा आदि मार्ग पर निर्गत परमिट के से अच्छादित सभी सवारी बस जिसका परिचालन दरभंगा बस पड़ाव (दिल्ली मोड़) से भाया राजकुमारगंज, दरभंगा रेलवे स्टेशन, दोनार,सोनकी, धरौरा होते हुए किया जाता है, ऐसे सभी स्टेज-कैरेज सवारी बसों का परिचालन नो-इंट्रीट समयावधि में दरभंगा शहरी क्षेत्र से नहीं होकर अगले आदेश तक परिवर्तित मार्ग यथा दरभंगा बस पड़ाव (दिल्ली मोड़) से एन एच 57 पर भाया-सकरी- धरौरा होते हुए किया जाएगा।

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार दरभंगा द्वारा अधिसूचित मार्ग संख्या-2005 लहेरियासराय से पिपराही,1948 लहेरियासराय से सीतामढ़ी, 1937 लहेरियासराय से भिट्ठामोड़ आदि अन्य मार्ग पर निर्गत परमिट से अच्छादित सभी सवारी बस जिसका परिचालन लहेरियासराय बस पड़ाव से भाया दरभंगा रेलवे स्टेशन, दरभंगा बस पड़ाव, मब्बी, कमतौल होते हुए किया जाता है, ऐसे सभी स्टेज कैरेज सवारी बसों का परिचालन अगले आदेश तक नो-इंट्री समयावधि में दरभंगा शहरी क्षेत्र से नहीं होकर, दरभंगा बस पड़ाव दिल्ली मोड़ से एन एच 57 पर भाया-मब्बी-कमतौल होते हुए किया जाएगा।क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार दरभंगा द्वारा अधिसूचित मार्ग दरभंगा से बेगूसराय,दरभंगा से समस्तीपुर, लहेरियासराय से समस्तीपुर आदि अन्य सभी सवारी बस जो समस्तीपुर की ओर जाती है का परिचालन दरभंगा बस पड़ाव से भाया-शोभन, एकमी होते हुए किया जाएगा।बिहार राजपथ परिवहन निगम के लहेरियासराय से बस पड़ाव से परिचालित होने वाले सवारी बसों का परिचालन नो-इंट्री समयावधि में दरभंगा शहरी क्षेत्र से न होकर दरभंगा बस पड़ाव (दिल्ली मोड़) से किया जाएगा।स्कूल बसों का परिचालन सामान्य तौर पर नो-इंट्री के नियमों का पालन करते हुए पूर्व की भांति चालू रहेगी।

नगर निगम के क्षेत्र के सभी स्थान चौक चौराहों यथा-लोहिया चौक,दारू भट्ठी चौक ,नाका 06, नाका 05, मिर्जापुर चौक, आयकर चौक, भंडार चौक, बेला मोड़, पीटीसी मोड़, दरभंगा रेलवे स्टेशन,दोनार चौक, अल्लपट्टी चौक, बेंता चौक, स्वीट होम, लहेरियासराय टावर चौराहा पर यातायात पुलिस वालों की तैनाती नो-इंट्री समयावधि में सुनिश्चित किया जाए।

वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा यातायात नियमों का शक्ति से अनुपालन करवाना सुनिश्चित करेंगे।

नगर आयुक्त दरभंगा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अंचल अधिकारी सदर सड़कों के दोनों तरफ स्थानीय दुकानदारों, नर्सिंग होम,होटल आदि संचालकों द्वारा सड़कों के किनारे किए गए अतिक्रमण को मुक्त करवाने की दिशा में विशेष अभियान चला कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, नगर आयुक्त कुमार गौरव, नगर पुलिस अधीक्षक शुभम कुमार आर्य,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन,जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पंचायती राज पदाधिकारी के साथ हुई बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ग्राम कचहरी में लंबित शमनीय आपराधिक मामलों का 14 सितंबर को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने पंचायती राज पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में पंचायती राज पदाधिकारियों ने अपने प्रखंडों के ग्राम कचहरियों में लंबित मामलों का ब्यौरा दिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कि लोक अदालत के कुछ हीं दिन बचे हैं, इसलिए सभी ग्राम कचहरियों में प्रि-काउंसलिंग के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने अब तक किए गए प्रि-काउंसलिंग संबंधी कार्यों का ब्यौरा भी लिया।सभी बीपीआरओ को अपने प्रखंड के कचहरियों की निगरानी करने का विशेष निर्देश दिया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव अभिषेक आनंद ने कहा कि सभी कचहरी सचिवों को लोक अदालत में मामलों को निपटारा कराने की जिम्मेदारी दें।बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों के बीपीआरओ मौजूद थे।

# उत्तर बिहार के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।उत्तर बिहार के जिलों में अगले 5दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है ।इस अवधि में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे। समस्तीपुर,दरभंगा और मुजफ्फरपुर जिलों में 22-23अगस्त को अच्छी बारिश होने का अनुमान है। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में 21--22अगस्जात को भारी बारिश की सम्भावना है। मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने21से 25 अगस्त तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी है ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 353 एवं 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 66 प्रतिशत, हवा की औसत गति 3.7 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.0 नि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 9.3 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.9 एवं दोपहर में 39.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 100.1 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई। किसानों को सलाह दी गई है कि बर्षा की सम्भावना को देखते हुए फसलों में कीटनाशक के छिड़काव में सावधानी बरतें ।पिछले एक-दो दिनों में अच्छी वर्षा हुई है तथा पूवार्नुमानित अवधि में भी वर्षा की सम्भावना है। अतः किसान भाई को सुझाव दिया जाता है कि किसी भी कीटनाशक दवा का छिड़काव या कृषि कार्य सावधानी पूर्वक करें या वर्षा न होने की स्थिति में करें ।धान की फसल में तना छेदक कीट की निगरानी करें। इसकी सूडीयों तनों में घुसकर क्षती पंहुंचाती है। प्रारंभिक अवस्था में पौधे की मध्य कालिका मुरझाकर सुखी हुई नजर आती है। ऐसे पौधों में बालीयों सुखी एवं खोखली रह जाती है। इसे अगर पकड़कर खींचा जाए तो वह आसानी से बाहर निकल आती है। इस प्रकार का लक्षण दिखने पर बचाव के लिए करताप हाईड्रोक्लोराईड दाने-दार दया का 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से व्यवहार करें ।धान की 25-30 दिनों की फसल में प्रति हेक्टेयर 30 किलोग्राम नेत्रजन का उपरिवेशन करें। अगात धान की फसल में खैरा बीमारी दिखाई पड़ने पर सखेतों में जिंक सल्फेट 50 किलोग्राम तथा 25 किलोग्राम बुझा चूना का 500 लीटर पानी में घोल बना कर एक हेक्टेयर में छिड़काव आसमान साफ रहने पर ही करें।

# एसएसबी जवान की कलाई पर महिला विकास मंच के सदस्यों ने राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भाई-बहन के बीच का पवित्र पर्व रक्षाबंधन के पावन अवसर पर इंडो-नेपाल सीमा पर देश की सुरक्षा में तैनात एसएसबी 48वीं बटालियन के जवान पुलिस पदाधिकारियों को महिला विकास मंच, मधुबनी की अध्यक्षा दीपशिखा सिंह के नेतृत्व में संस्था की सदस्यों के द्वारा जयनगर बॉर्डर पर जा कर जवानों एवं अधिकारियों के कलाई पर राखी बांध कर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बॉर्डर पर तैनात अधिकारियों, जवानों के द्वारा महिला विकास मंच की सदस्यों और संस्था की बहनों का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया अधिकारियों ने महिला विकास मंच मधुबनी कार्य का भी प्रशंसा किया। सभी सदस्यों के द्वारा एस एस बी के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बहनों ने अधिकारियों और जवानों को राखी बांधी वृक्ष भी प्रदान किए। इंडो नेपाल बॉर्डर पर तैनात जवान और अधिकारी जो अपने घर को छोड़कर अपने कर्तव्य का पालन कर रक्षक की भांति खड़े रहते हैं। वो हम सभी की रक्षा करते आ रहे हैं। पर्व त्योहार में भी घर नहीं जाते इसी समाज और देश को। अपना घर मानते हैं। इसी क्रम में भाई बहन का पवित्र रक्षा पर्व रक्षा बंधन में बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बाँध रक्षा का वचन लेती है। इंडो नेपाल सीमा पर महिला विकास मंच की सदस्यों ने सीमा पर तैनात जवानों को राखी बांधकर एक बहन का कर्तव्य पूरा किया और सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन किया।वहां उपस्थित हमारे देश के सशस्त्र सीमा बल के जवानों अधिकारियों को राखी बांध रक्षा बंधन का पर्व मनाया।देश के जवानों और डिप्टी में तैनात बहनों को तिलक लगा कर राखी बाँधी, राखी बांधने के रश्म के साथ मिठाइयां खिलाई और मिथिला के रीति रिवाज के अनुसार सम्मानित भी किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा भी भेंट किया गया। मौके पर उपस्थित महिला विकास मंच कोर कमेटी एवं रोटी बैंक जयनगर के साथ मीडिया कर्मी भी उपस्थित रहे।

# भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद के जिला उपाध्यक्ष बनें पीयूष राज

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद ने पीयूष राज उर्फ अंकित पीयूष को जिला कार्यकारिणी समिति, मुजफ्फरपुर के जिला उपाध्यक्ष (मुख्य प्रकोष्ठ) पद पर नियुक्त किया है। पीयूष राज को देशहित/लोकहित से संबंधित सेवा भावना, कार्यकुशलता एवं योग्यता को देखते हुये उन्हें मुख्य प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष दर्श चौधरी ने एक पत्र जारी कर इसकी सूचना दी है। उन्होंने कहा है कि हमें पूर्ण विश्वास है कि पीयूष राज संस्था के उद्देश्यों एवं संस्था के सदस्यों की रक्षार्थ कि दिशा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए कार्यों का कुशल संचालन करेंगे. हमें विश्वास है कि वे देशहित/लोकहित एवं सरकारी सेवा प्रदायगी से संबंधित हो रहे विभिन्न प्रकार के समस्याओं का समाधान कराने, नागरिकों को जरूरत के समय में हर संभव सहायता उपलब्ध कराने, नागरिकों को उनका मौलिक अधिकार बिना किसी रुकावट के उपलब्ध कराने, सरकारी सेवा प्रदायगी को सुगम, बेहतर एवं प्रभावशाली बनाने, भ्रष्टाचार, अपराध, अत्याचार, शोषण एवं अन्याय को खत्म करने में भारत सरकार, राज्य सरकार, संबंधित सभी सरकारी मंत्रालयों, जिला प्रशासन तथा संस्था का हर संभव सहयोग करेंगे। जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर पीयूष राज ने कहा है कि मैं परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष दर्श चौधरी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी दी है। मैं परिषद के क्रिया कलापों पर खड़ा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। ज्ञात हो की पीयूष राज मूलतः सरैया प्रखंड के मधौल के रहने वाले है। उनके पिता महेश ठाकुर चकोर प्रसिद्ध जनवादी कवि है।

# निर्माण की घोषणा को लेकर श्री राऊत ने पदाधिकारी से किया आग्रह

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितंबर 2021 को जयनगर डीबी कॉलेज के प्रांगण में अति सराहनीय कमला बैराज उद्घाटन समारोह के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा डी बी कॉलेज की समस्याएं निदान करने एवं शहीद चौक पर ऊपरी पुल निर्माण की घोषणा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किए थे घोषणा का मुहूर्त रूप देने में विलंब होने के कारण एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते 22/08/2022 को पुन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को आवेदन देकर घोषणा को रूप देने के उद्देश्य से आवेदन दिए थे ।उसी आवेदन के आलोक में मधुबनी मुख्यमंत्री सचिवालय के पत्रांक ऊ2022096507 दिनांक 09/09/2022 को जिला पदाधिकारी मधुबनी को आवश्यक कार्रवाई कर मुख्यमंत्री सचिवालय को यथाशीघ्र अवगत कराते हुए निर्देशित किए हैं जो मुख्यमंत्री सचिवालय के संदर्भ संख्या 2022042 675 है । राऊत ने कहा है कि उपरोक्त निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा जी ने जिला लोक शिकायत निवारण कोषांग के पत्रांक 979 दिनांक 12/08/2024 को नोडल पदाधिकारी जिला लोक शिकायत निवारण कोषांग के हस्ताक्षर से अनुमंडल पदाधिकारी महोदय जयनगर को एक सप्ताह के अंदर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देशित किए हैं,ताकि कृत कार्रवाई का प्रतिवेदन ई कंप्लेंट्स डैशबोर्ड पर यथाशीघ्र अपलोड किया जा सके ।श्री राऊत ने अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर से अभिलंब प्रतिवेदन भेजने का आग्रह किए हैं,ताकि संबंधित पदाधिकारियो के द्वारा कार्रवाई कर सके ।और जयनगर वासियों का जो बहुत ही चिर परिचित मांगे हैं,वह यथाशीघ्र पूरा हो सके '

# कल्याणपुर चौक एवं ग्रामीण सड़क झील में तब्दील



प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर पूसा मुख्य पथ के कल्याणपुर चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप भारी वारिस होने से झील में तब्दील हो गई है। वहीं दूसरी ओर फुलहारा गांव के ग्रामीण मुख्य सड़क रामाधार शर्मा के घर से लेकर विनोद ठाकुर के घर तक झील में तब्दील हो गया ।सड़क पर जल जमाव को लेकर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलहारा, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में पठान पठान करने जाने वाले छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कई छात्र सड़क के पानी में गिरकर चोटील हो रहे हैं। वही कल्याणपुर चौक पर जल जमाव से सड़क के किनारे किनारे कि दुकानदारों के बीच भुखमरी की समस्या बनी हुई है। चौक से पूसा मुजफ्फरपुर की ओर आबाजाही करने वाले बाइक सवार वाहन रिक्शा चालक पैदल चलने वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन को कई बार चौक के दुकानदारों ने ध्यान आकृष्ट कराया अब तक कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर जिला पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए संजय सिंह भोला साह मनीष कुमार अमरेश कुमार अरुण कुमार ठाकुर उर्फ पप्पू सरोज सिंह अजीत गुप्ता राजकिशोर गुप्ता फल विक्रेता मनटुन साह डॉ उमाकांत सिंह आदि ने जिला पदाधिकारी से गुहार लगाते हुए पानी की समस्या निजात दिलाने की मांग किया है।

# अक्षत उर्जा दिवस पर एलएस कॉलेज में हुई परियोजना की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मनाए जाने वाले अक्षय ऊर्जा दिवस पर, लंगट सिंह कॉलेज में पूरे परिसर में सभी पारंपरिक वेपर लाइटों को सौर वेपर लाइट से बदलने की परियोजना की शुरूआत हुई. कॉलेज परिसर स्थित राजेंद्र स्मृति पार्क में इसकी शुरूआत करते हुए प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय ने इसे कैम्पस के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताया. प्राचार्य प्रो राय ने ने कहा कि कॉलेज का परिसर बहुत बड़ा है और रात में सुरक्षा और सुविधाओं के लिए सभी जगह रोशनी की आवश्यकता होती है। इसके लिए बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइट्स और वेपर लाइट्स की जरूरत पड़ती है, जिससे बिजली के बिल में काफी खर्च होता है. सौर ऊर्जा संचालित वेपर लाइट लग जाने से न केवल बिजली के खर्च में कमी आएगी, बल्कि इससे पर्यावरण का संतुलन भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा एक स्थायी समाधान है और इससे कॉलेज के बिजली खर्च में भी कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक लाभों के अलावा, इस पहल का उद्देश्य छात्रों और युवाओं के बीच नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व और सतत विकास में इसकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है. वैकल्पिक ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और उनके अनुप्रयोगों के बारे में छात्रों को और अधिक शिक्षित करने के लिए शैक्षिक कार्यशालाओं और सेमिनारों की भी योजना बनाई गई है। प्राचार्य प्रो राय ने बताया कि लंगट सिंह कॉलेज पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है. कॉलेज द्वारा ग्रीन कवरेज बढ़ाना, कैम्पस को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाना, साथ ही विभिन्न अवसरों पर पौधारोपण अभियान संचालित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि कैम्पस की सफाई सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि छात्रों और संपूर्ण कॉलेज समुदाय के लिए एक स्वच्छ और हरा भरा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके.ये प्रयास न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि छात्रों में पारिस्थितिकी के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहे हैं. मौके पर डॉ एनएन मिश्रा, डॉ ऋतुराज कुमार, डॉ नवीन कुमार, ऋषि कुमार, बालमुकुंद, सकलदेव मिस्त्री, सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मेंटल हेल्थ एनिवर्सरी एण्ड सुसाइड प्रीवेंटेशन विषय पर कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर समस्तीपुर जिला अंतर्गत विभूतिपुर किशनपुर टभका स्थित कामेश्वर नारायण सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक समस्तीपुर में सचिव विज्ञान एवं प्रावैधिकी तकनीकी शिक्षा विभाग पटना द्वारा अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना के अनुपालन में संस्थान के सेमिनार हॉल में मेंटल हेल्थ एनिवर्सरी एण्ड सुसाइड प्रीवेंटेशन विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया।कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य डॉ .असीम कुमार ठाकुर, सुनील कुमार मिश्रा, संस्थान के व्याख्याता डॉ मो.केसर हाशमी , कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी चंदन कुमार, व्याख्याता मो. इमरान अंसारी, सुधीर कुमार, मनीष कुमार, मो. सैफुल्लाह के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉक्टर सुनील कुमार मिश्रा सहायक प्रधानाध्यापक बी. आर.बी. महाविद्यालय समस्तीपुर उपस्थित हुए। प्राचार्य डॉ. असीम कुमार ठाकुर एवं मुख्य वक्ता डॉक्टर मिश्रा ने अपनी संबोधन में मेंटल हेल्थ एनिवर्सरी एण्ड सुसाइड प्रीवेंटेशन पर विस्तार से चर्चा करते हुए इससे जुड़े स्ट्रीज मेंटल इलनेस इत्यादि के कारण एवं उसके निदान तथा सुसाइड स्टेज पर चर्चा की। मौके पर संस्थान की सभी व्याख्याताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किया।

# हिका सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक शाखा को फीता काटकर उद्घाटन किया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली बाजार के संतु महतो चौक से उत्तर दिशा में भारतीय स्टेट बैंक के नीचे जिला के प्रथम ब्रांच दी रहिका सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक शाखा खजौली संम्पूर्ण वातानुकूलित बैंक का उद्घाटन रहिका सेंट्रल बैंक मधुबनी के अध्यक्ष रमन कुमार सिंह बैंक के डायरेक्टर शुशील कुमार यादव विजय भूषण यादव शाखा प्रबंधक धीरेंद्र कुमार राय,प्रबंध निदेशक सुरेंद्र मंडल,सहकारिता पदाधिकारी सतीश मिश्रा, बैंक उपाध्यक्ष देव कुमार यादव, प्रखंड व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह,सुक्की पैक्स अध्यक्ष रामबाबू सिंह,ईनरवा पंचायत के पूर्व मुखिया सुधीर कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया. बैंक उद्घाटन के बाद दी रहिका सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक मधुबनी के अध्यक्ष रमन कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्षो से दी रहिका सेंट्रल बैंक खजौली बाजार में ईनरवा पंचायत भवन के पास पुरानी जर्जर भवन में रहने से बैंक में ग्राहक, पैक्स अध्यक्ष एव आम जनता को बैठने में काफी दिक्कत होने के कारण उस भवन से उठाकर रेलवे लाइन से पूरब में स्टेट बैंक के नीचे भवन में वातानुकूलित ब्रांच खोला गया है. वही दी रहिका सेंट्रल बैंक शाखा के ब्रांच मैनेजर धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि मधुबनी जिला के प्रथम दी रहिका कॉपरेटिव बैंक वातानुकूलित बैंक संचालित हुआ है.इस बैंक में सभी तरह की खाता खोलने की सुविधा प्रदान की गयी है. उन्होंने कहा कि इस बैंक से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में रुपये ट्रांसफर हो सकती है और किसी भी बैंक से अपने खाते पर रुपये मगा सकते है. उन्होंने खजौली,कलुआही, बाबूबरही, राजनगर प्रखंड के आम जनता से अपील किया जाता है कि दी रहिका सेंट्रल बैंक शाखा खजौली एक वार अवसर प्रदान देने का आग्रह किया है. बैंक स्टाफ के साथ कई लोग उपस्थित रहे।

# थाना अध्यक्ष के खिलाफ एसएसपी को दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।शेरपुर नारायणपुर पंचायत के वार्ड 11 के वार्ड सदस्य बलराम सिंह ने सकतपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार पर थाने में गाली गलौज व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसको लेकर एसएसपी को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि अपने सगे संबंधी के बारे में जानकारी लेने के लिए थाने पर जाने के दौरान थानाध्यक्ष ने अपमानित करने के साथ झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर भगा दिया। इसको लेकर डरे सहमे वार्ड सदस्य ने वरीय पदाधिकारी को पत्र लिखकर गुहार लगाई।

# भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80 वीं जयंती गया के स्थानीय कॉंग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम मे सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई है।सबसे पहले स्व राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया एवं इस अवसर पर गया जिला के सामाजिक, राजनीतिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, आदि क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान देने वाले दर्जनों लोगों को राजीव गांधी सद्भावना सम्मान पत्र प्रदान किया गया है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने किया है। इस अवसर पर उपस्थित बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष मोहम्मद उजैर खान उर्फ टीका खान, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली,



पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, सुमंत्र कुमार, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, डॉ देविका मिश्रा,युगल किशोर सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रदीप शर्मा, राज कपूर गुप्ता, मोहम्मद नवाब अली, मोहम्मद ताज उद्दीन ,विद्या शर्मा, धर्मेंद्र कुमार निराला, मोहम्मद अजहरुद्दीन, ओंकार शक्ति, चंदन कुमार, रंजीत कुमार सिंह, रामाश्रय सिंह, प्रदीप शर्मा, जितेंद्र यादव अजय कुमार सिंह, अर्जुन प्रसाद मदीना खातून, शहीद आलम ललन राम, शशांक भूषण, कृष्ण बल्लभ प्रसाद, शिवकुमार चौरसिया आदि ने कहा कि पंचायती राज एवं संचार क्रांति के जनक, युवाओ के प्रेरणा श्रोत राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में देश के युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार का अधिकार देने, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने, छात्रों को कंप्युटर, संचार क्रांति से जोड़ने का जो ऐतिहासिक काम किया है।

नेताओं ने कहा पंचायती राज के जनक रहे राजीव गांधी आजीवन भारत के किसान, मजदूर के लिए बहुमूल्य काम किए हैं। नेताओं ने कहा करगिल युद्ध विजय दिवस हम जिस वोफोर्स तोप के बदौलत युद्ध जीते थे, वो तोप राजीव गांधी का ही देन है।राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस पर गया के राजनीति, सामाजिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान देने वाले दर्जनों लोगों को सम्मानित किया गया है।जिसमें पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, शिक्षाविद में परशुराम मिश्रा, प्रो डॉ बी के पी वर्मा, प्रो डॉ दीना नाथ, डॉ हामिद हुसैन चंद्रिका प्रसाद यादव, भुवन राम,जमीर शाहदी , विष्णु कांत सहाय, डॉ चंद्र तारा यादव, आदि को मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया है।इस कार्यक्रम के अंत में गया समाहरणालय तीन मोहनी पर राजीव गांधी की आदम कद प्रतिमा स्थापित करने की मांग स्थानीय प्रशासन से किया है।

## देव विकास परिषद के सदस्यों ने राज्यपाल से मुलाकात की, दिया देव आने का निमंत्रण



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल देव सूर्य मंदिर के विकास के निमित स्थापित की गई संस्था देव विकास परिषद के सदस्यों ने बिहार के महामहिम राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात की। देव विकास परिषद के अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा एवं सचिव सौरभ रंजन ने उनसे मुलाकात के क्रम में उन्हें देव मंदिर का प्रतीक चिन्ह एवं रामचरितमानस की प्रति भेंट की। बातचीत के क्रम में महामहिम राज्यपाल से दोनों सदस्यों ने देव मंदिर के प्राचीनता पर प्रकाश डालते हुए देव की महिमा पर प्रकाश डाला। साथ-ही-साथ महामहिम राज्यपाल से देव की पावन धरती पर पधारने का अनुरोध किया। जिसे,राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकार किया एवं देव अति शीघ्र आने का आश्वासन दिया।विदित हो कि भगवान भास्कर की धरती देव विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में से एक है।देव सूर्य मंदिर को देवार्क के रूप से जाना जाता है। जिसका वर्णन भारत के प्राचीन ग्रंथो में उल्लिखित किया गया है। त्रेता युगीन देव सूर्य मंदिर के बारे में भारत के इतिहासकारों ने अपने इतिहास के किताबों में इसकी महिमा, गौरव गरिमा को सन्निहित किया है। इन्हीं सब को ध्यान में रखते हुए देव विकास परिषद के सदस्य अपने कार्यों को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों द्वारा बांधी गई राखी



- पति-पत्नी का रिश्ता तो कानून तोड़ सकता है, पर भाई-बहन का रिश्ता नही : बहन ज्ञानू

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में उप सेवा केंद्र नागा रोड वार्ड नम्बर 22, रक्सौल में गुरुवार को रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें 45 भाइयों को संचालिका ज्ञानू दीदी के नेतृत्व में राखी बांधी गई, इस दौरान 65 माताएं मौजूद थी। उक्त अवसर पर ज्ञानू दीदी ने कहा कि सब को आत्मिक दृष्टि के नाते भाई भाई है, यही समझ कर के भगवान के घर में सभी को स्वागत अभिनंदन किया गया। सब अपने जीवन से संतुष्ट रहे, खुशहाल रहे और अपने परिवार के साथ बहुत प्रेम भावना से रहे और कोई भी कर्म करे तो साहस रखकर के करें। भगवान के साथ रहकर के करें और अपने जीवन में उन्नति प्राप्त करें। यही कहते हुए सभी को भगवान के घर से टीका लगाया और रक्षा सूत्र बांधकर मुख मीठा कराया गया। इस अवसर पर एक कहानी कहते हुए ज्ञानू दीदी ने कहा कि स्नेह का धागा ऐसे हैं जो कोई तोड़ नहीं सकता है। छोटा सा कहानी है कि इंद्रदेव देवता ने एक बार असुर से युद्ध करने लगे तो इंद्रानी ने इंद्र को जब राखी बांधी तो वे जीवित हुए और फिर से वह अपने युद्ध में जीत प्राप्त किया। तो यह रक्षाबंधन पर्व बहुत बड़ा पर्व है, इसके धागा ऐसा स्नेह है जो कोई तोड़ नहीं सकता है। पति और पत्नी का रिश्ता कानून भी तोड़ सकता है, लेकिन भाई बहन का रिश्ता कानून भी नहीं तोड़ सकता है। इस दौरान राखी के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था के सेंटर इंचार्ज बी.के.ज्ञानू बहन ने कई भाइयों को राखी बांध आशीर्वचन दी।

## जल जमाव से बने गड्ढे में गिरकर कई बाइक चालक हुए जख्मी

### जल निकासी का कोई साधन नही

मझौलिया(एस के पांडेय)। मझौलिया-नानोसती मुख्य मार्ग स्थित पुराने पेट्रोल पंप के समीप सड़क पर बना गढ़ा एवं जलजमाव राहगीरों सहित छोटे बड़े वाहनों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है । हल्की सी बारिश में भी जलजमाव हो जाने के कारण वाहन चालकों को पता ही नही चलता है कि सड़क में किधर गढ़ा है और किधर समतल यानी वाहन चालकों को पता ही नही लगता है कि गढ़ा में सड़क है या सड़क में गढ़ा । बताया जाता है कि कई वाहन चालक इन गढ़ो में गिरकर घायल हो चुके है । लेकिन स्थानिये प्रशासन इससे बेखबर है । बताते चले की इस मार्ग से होकर सैकड़ों छोटे बड़े वाहन गुजरते है जिसमे प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों और राज नेताओं को गाड़िया होती है। यह मार्ग आने जाने वाले लोगो के लिए मुख्य लाइफ लाइन है । एम. पी और विधायक समय समय पर इस मार्ग पर गुजरते रहते है और पूछने पर ढ़ेर सारा आश्वासनो का अंबार लगा देते है । बिदीत हो कि इस मार्ग से होकर सैकड़ों स्कुली बच्चे स्थनीय मध्य एवं उच्च विधालय में पढ़ने जाते है । बिशेष पर छात्राओं को पैदल और साइकिल से आना जाना दोनों काफी कष्टदायक साबित होता है।ग्रामीणों , राहगीरों , स्कूली छात्र छात्राओं ने प्रसाशन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गढ़े नुमा सड़क और जलजमाव से जल्द निजाद दिलाने की मांग की है ।

## एनडीपीएस एक्ट में दस साल की सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे वन सह स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट पंकज मिश्रा ने एनडीपीएस जी. आर .7/20 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एक मात्र काराधीन अभियुक्त महेंद्र कुमार तेली कपासन चितौड़गढ़ राजस्थान को एनडीपीएस की धारा -15, 25, 29 में क्रमश दस- दस साल की सजा सुनाई है और एक-एक लाख रुपए जुमार्ना लगाया है। सभी सजाएं साथ साथ चलेगी स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि अभियुक्त को 05 अगस्त 24 को एनडीपीएस के विभिन्न धाराओं में दोषी करार दिया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त को 02 जुलाई 20 को 15 किवंटल डोडा अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया था तब से अभियुक्त जेल में बंद हैं।

## दानिका पहुंचे आकाशवाणी गया के संवाददाता धर्मवीर भारती शॉर्ट फिल्म बनाने का लिया निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में आकाशवाणी गया के जिला संवाददाता धर्मवीर भारती का शुभ आगमन हुआ। उनके साथ गया जिले के मानपुर प्रखंड के शादीपुर पंचायत के सरपंच सुश्री डोली का भी आगमन हुआ जो संवैधानिक चर्चा करने के लिए विशेषज्ञ के तौर पर जानी जाती हैं। दोनों ही महानुभावों का स्वागत



दानिका परिवार के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार उर्फ दानिका महाराज, प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी दानिका के केंद्राधीक्षक शशि देवी ने पुष्पहार, पुष्पगुच्छ एवं दानिका एक घराना पुस्तक की प्रति देकर किया गया। दानिका के बढ़ते कदम को देखकर धर्मवीर भारती ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से आज दानिका जिला एवं प्रांत को लांघ कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। यह कड़े संघर्ष मेहनत के बल पर हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिलाया कि दानिका के बढ़ते कदम एवं औरंगाबाद जिले के संगीत पर शॉर्ट फिल्म बनाकर उसे प्रदर्शित किया जाए। शॉर्ट फिल्म की शुरूआत बहुत जल्द की जाएगी।

## लड़ाई झगड़े के मामले में छः अभियुक्तों को सजा सुनाई गई

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे दस सौरभ सिंह रफीगंज थाना कांड संख्या -41/12 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए छः अभियुक्तों को सजा सुनाई है। एपीपी अनिल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि अभियुक्त अभियुक्त बालदेव प्रसाद और मनोज कुमार को चार-चार साल की सजा और बीस -बीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। अन्य अभियुक्त सन्नी देओल, सरोज लाल, अनिल लाल, दिलीप लाल चरकुपा रफीगंज को क्रमश सात- सात साल की सजा और बीस -बीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना राशि सभी पीड़ित पक्ष के घायलों को छः, सप्ताह के अंदर देने का आदेश जारी किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि यह सजाएं भादंवि धारा -307/149 में सुनाई गई है। अभियुक्त और सुचक दोनों पक्ष गोतिया है। बच्चों के लडाई में दोनों पक्ष 08 मार्च 12 को बड़े हिंसक रूप से लड़ गये थे जिसमें सुचक समेत अरूण लाल और चंदन लाल गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। अभियुक्तों को 12/08/24 को दोषी ठहराया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन अध्यक्ष ने ऑटोमोबाइल फाइनेंस का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। ऑटोमोबाइल फाइनेंस शोरूम के उद्घाटन राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा शुभारंभ किया गया है यह शोरूम बाटा मोड़ स्थित है इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा शुभारंभ के अवसर पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।यह आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और दूरदर्शिता का प्रमाण है कि आपने इस महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। आपके द्वारा स्थापित यह शोरूम न केवल आपकी सफलता का प्रतीक है, बल्कि उन ग्राहकों के लिए भी एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा, जो अपने सपनों की गाड़ियों को साकार करने का इरादा रखते हैं। इस युग में, जब ऑटोमोबाइल



इंडस्ट्री तेजी से प्रगति कर रही है। आपका शोरूम ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं और वित्तीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं देने के साथ ही, उनके विश्वास और सम्मान को बनाए रखेंगे।इस नई शुरूआत के साथ, मैं कामना करता हूँ कि आपका शोरूम सफलता की नई ऊंचाइयों को छूए और आपके व्यवसाय को निरंतर वृद्धि एवं समृद्धि प्राप्त हो। आने वाले दिनों में आपकी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने की भावना निश्चित रूप से आपको इस अवसर पर शोरूम के प्रोपराइटर के द्वारा अंग वस्त्र देकर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया है। युबा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश देवगिरी, अभिषेक कुमार ,संजय यादव सहित दर्जनों लोगों उपस्थित हुए हैं।

## विकास कार्य कराने में सरकार की तरफ से कई अड़चनें: विधायक

अरवल। भाकपा माले विधायक महानंद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अरवल विधानसभा क्षेत्र में अब तक 42 से ज्यादा जर्जर सड़कें बनकर तैयार हो गई है। जिसमें सदर प्रखंड में 25 जबकि कलेर प्रखंड में 17 सड़कें हैं। इसके अलावा 17 नए सड़कों का टेंडर हो गया है। बरसात खत्म होते ही काम शुरू होगा जैसे ही प्रशासनिक स्वीकृति मिलती है कई सड़कों का काम की शुरूआत की जाएगी। अरवल बस स्टैंड से बैदराबाद तक सड़क निर्माण के लिए काफी मशक्कत करने के बाद ग्रामीण कार्य विभाग में जोड़ा गया है और टेंडर प्रक्रिया में है। जबसे नगर परिषद अरवल बना है तब से नगर परिषद और ग्रामीण कार्य विभाग के बीच झगड़ा में यह सड़क उलझा रहा है। पिछले साल विधानसभा में सवाल करने के बाद गलत जवाब दिए जाने के बाद ग्रामीण कार्य विभाग पर दबाव बनाने पर अब सड़क ग्रामीण कार्य विभाग में आया और टेंडर प्रक्रिया में है। भदासी-फखररपुर बेलसार-कैथराइन-सोहसा सड़क, - भगवानपुर सड़क काफी जर्जर हालत में है और इसके लिए लगातार सभी विधानसभा के सेशन में सवाल उठाया गया । अब कई प्रक्रियाओं से गुजरते हुए टेंडर हो गया है और अभी प्रशासनिक स्वीकृति की आस में है। रेवती बिगहा, देवकी बिगहा, छठु बिगहा, परसन बिगहा, आगानूर चौकी समेत अभी भी दर्जनों गांव को सड़क से जोड़ने का काम बाकी है। अबतक इन गांवों में सड़क बनकर तैयार हो जाता लेकिन भाजपा के दबाव में सरकार उसे लटकाए हुए है । उन्होंने कहा कि जैसे ही सरकार की बदली हुई, यानी महागठबंधन से एनडीए के तरफ बदलाव हुआ तब से सारा कामकाज ठप है।

## लोक शिकायत निवारण अधिनियम द्वारा चालीस मामले की सुनवाई की गई

प्रात : किरण संवाददाता

गया। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 द्वितीय अपील के तहत जिला पदाधिकारी, गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुल 40 मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें कुछ मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया है।गोपाल सिंह, ग्राम- बलिया, डुमरिया द्वारा रद्द किए गए जमाबंदी के आधार पर भूमि आवास से बेदखल करने के संबंध में सुनवाई किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा सुनवाई के क्रम में अपीलार्थी को अपर समाहर्ता राजस्व के न्यायालय में वाद दायर करने हेतू निदेश दिया गया है।मिथिलेश साव, टिकारी एवं जगदीश मांझी, टिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री नाली गली पक्कीकरण योजना में किए गए कार्य में कार्य के आलोक में बकाया राशि भुगतान करने के संबंध में वाद दायर किया गया है।



सुनवाई के क्रम में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी टिकारी को जांच करके भुगतान करने का निर्देश दिया गया है।

अवधेश कुमार, परैया के द्वारा डिजिटल जमाबंदी में प्रविष्टि प्रविष्टि खाता, चौहद्दी एवं रकवा सुधार के संबंध में अपील दायर किया गया था। मंगलवार को सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी के द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता, टेकारी को एक माह के अंदर आदेश पारित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## फिश टनल, जलपरी, दुबई सिटी का मजा अब पटना के पाटलिपुत्रा मैदान में

पटना। राजधानी के पाटलिपुत्रा मैदान, पाटलिपुत्रा कॉलोनी में रिशु इन्टरप्राईजेज द्वारा आयोजित आरंभ डिजनीलैण्ड मेला का आयोजन किया जा रहा है जो 6 सितंबर से 21 अक्टूबर तक चलेगा। इस मेले में आकर्षण का मुख्य केन्द्र अंडर वाटर फिश टनल एक्सपो है जिसमें समुद्री छोटी से बड़ी रंगीन मछलियाँ आपको देखने को मिलेगी जो आपको समुद्र के अंदर होने का अहसास देती है।




आयोजक विक्की पाण्डेय नित्यानंद सिंह (बिट्टू) ने बताया कि इस बार मात्र 60 रूपया में ही इस मेले में फिश टनल एवं जलपरी के साथ साथ दुबई सिटी का भी मजा मिलेगा। इसके अलावा बिहार के पटना में पहली बार यूरोप का झूला सुनामी एवं स्क्रीन टावर लाया गया है जो पटनावासियों को एक अलग ही रोमांच का मजा देगा। इस झूले पर एक बार में बीस लोग बैठ सकते हैं। इसके अलावा भिन्न-भिन्न प्रकार के बीस झूले लगाए गये हैं जिनमें चाँद तारा, टोरा-टोरा, रशियन झूला, ब्रेक डांस, ज्वाईट व्हील, नौका, ड्रेगन ट्रेन, घूम बाईक, मिक्की माउस, वॉल-वंशी, किड्स राईड के अलावा अन्य प्रकार के झूले लगाये जायेंगे। मेला के प्रकाश पाण्डेय एवं अभिषेक सिंह ने बताया कि मेला में प्रवेश करने के लिए लंदन ब्रीज के तर्ज पर गेट बनाया गया है जिसमें कैटवॉक करते हुए मेले में प्रवेश करना एक अलग मजा देगा। इस मेले में भारत के कोने-कोने से आए हैण्डलूम हैण्डीकाफट, ज्वेलरी, खिलौने, राजस्थानी कंगन, परिधान एवं अचार, मुम्बई के फैन्सी चप्पल, जूते, पर्स, बैग एवं अन्य बहुत सारे घरेलू जरूरतों का सामान एक ही साथ उपलब्ध होंगे साथ ही इस मेले में मनोरंजन, खरीदारी के अलावे खान-पान की विशेष व्यवस्था भारतीय व्यंजन एवं चाईनीज फास्ट फूड के साथ भेलपुरी, पावभाजी, पॉपकॉर्न, कोल्ड ड्रिंक, आईस्क्रीम, पेस्टीज इत्यादि मौजूद रहेगें। मेले में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा के साथ साथ, लेडिज कांसटेबल, रहेगी तैनात।

## चार सहोदर भाइयों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल : वंशी थाना क्षेत्र के लोहार बिगहा गांव की एक महिला की दहेज के लिए हत्या मामले में पति समेत छह लोगों पर प्राथमिकी की गई है। महिला के भाई शेरपुर गांव निवासी पिंटू कुमार के द्वारा दहेज के लिए बहन की हत्या किए जाने का मामला दर्ज कराया गया है, जिसमें सुशील कुमार, सरोज कुमार, सनी कुमार, कृष्ण कुमार सभी सहोदर भाई और जगन्नाथ राम और सास को आरोपित किया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि दहेज के लिए महिला की हत्या कर दी गई थी, शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया गया है। छह लोगों पर केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

### करपी में युवक ने की आत्महत्या

अरवल। करपी थाना क्षेत्र के मखमिलपुर गांव निवासी 22 वर्षीय रोशन कुमार ने रविवार की रात खुदकुशी कर ली। रात्रि में गौशाला में जाकर गले में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने कहा कि इसके पूर्व भी उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया था। सूचना मिलते ही करपी पुलिस सोमवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंची तथा मामले की तहकीकात की। स्वजन के द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार की प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है। साथ ही पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए शव नहीं ले जाने दिया। जिस कारण पुलिस वापस लौट गई। ग्रामीणों के मुताबिक युवक नशेड़ी प्रवृत्ति का था।

## सड़क हादसे में कलेर पीओ की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। मंगलवार की कलेर प्रखंड मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी संजीव कुमार वर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। संजीव कुमार वर्मा कलेर प्रखंड में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी मे कर्जरात है।वह अपने निवास स्थान पटना से अरवल जिले में आयोजित अरवल जिला स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे तभी अरवल पटना बॉर्डर पर भंडरिया इंग्लिश के समीप उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा जिसे मौत हो गई। मौत की खबर सुनते हैं जिले में शोक की लहर दौड़ उठी। जैसे ही यह खबर जिला पदाधिकारी को जानकारी मिली उन्होंने दुख प्रकट की। जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले के आला अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन को घटना स्थल पर रवाना हुआ। कलेर पीओ के शव आते ही सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंची जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह एवं जिले के सभी पदाधिकारी पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी



### हर्ष का माहौल मे अरवल मातम में तब्दील

विधायक महानंद सिंह।

निधन उपरांत लोकसभा का आयोजन

समहणालय सभागार में कलेर पीओ के सड़क हादसे में मृत्यु के बाद शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी अरवल विधायक महानंद सिह जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर शर्मा दिल्ली पब्लिक स्कूल के निर्देशक धर्मेंद्र कुमार जिले के सभी पदाधिकारी सभी जनप्रतिनिधि सभी कर्मी शामिल होकर माल्यार्पण श्रद्धांजलि दिया

## लौंग रेंज में कैडेटों को कराया फायरिंग का अभ्यास



गया। 6 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित दस दिवसीय नौवीं कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप के सातवां दिन मंगलवार को अफसर प्रशिक्षण अकादमी गया के लौंग रेंज में कैडेटों को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया।वही मौके पर 6 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल पंकज कुमार कीर्ति चक्रएडम अधिकारी कर्नल एमके शुक्ला ने अफसर प्रशिक्षण अकादमी लॉन्ग रेंज पर पहुंचकर फायरिंग करते एनसीसी कैडेटों को प्रोत्साहित किया है। इस मौके पर 6 बिहार बटालियन एनसीसी के एडम आफिसर कर्नल एमके शुक्ला ने कहा कि एनसीसी कैडेटों को ड्रिल एवं कमांड्स, शस्त्र प्रशिक्षण, मानचित्र अध्ययन, क्षेत्र एवं यु

प्रशिक्षण, राष्ट्रीय एकता एवं नेतृत्व व्यक्तित्व का विकास क

दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फायरिंग के समय अनुः

के लिए रेंज ड्रिल आवश्यक होती है। उस दौरान रेंज पर सुरक्षा व अनुशासन आवश्यक है। सभी कैडेटों को रेंज कार्य विधि का ज्ञान होना आवश्यक है। साथ ही रेंज पर सुरक्षात्मक उपाय होना चाहिए। रेंज के सबसे ऊंचे स्थान पर लाल झंडा लगाएं। इसके अलावा दाएं, बाएं व पीछे भी लाल झंडा अवश्य लगाएं जिससे रेंज पर सुरक्षा बनी रहे हैं।इस मौके पर सूबेदार मेजर अमलेन्दु मंडल, एनसीसी अधिकारी कैप्टन मुनि चंद्र मोची सहित कई पीआई स्टाफ मौजूद थे।

## पटना-पुरी-पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 01 दिसंबर तक

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 08439/08440 पुरी-पटना-पुरी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब इस ट्रेन का परिचालन (मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर के रास्ते) पूजा स्पेशल ट्रेन के रूप में 05 अक्टूबर से 01 दिसंबर तक और 9-9 ट्रिप किया जाएगा । गाड़ी संख्या 08439 पुरी-पटना पूजा स्पेशल प्रत्येक शनिवार को पुरी से 14.55 बजे खुलकर अगले दिन 09.25 बजे पटना पहुंचती है । वापसी में गाड़ी संख्या 08440 पटना-पुरी पूजा स्पेशल प्रत्येक रविवार को पटना से 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 09.45 बजे पुरी पहुंचती है ।

## मेला क्षेत्र में खराब लाईट को जल्द मरम्ती करने के निर्देश- नगर आयुक्त

गया। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा भ गया नगर निगम कार्यालय में पितृपक्ष मेला को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र एवम शहर के अन्य क्षेत्र के प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा की गई है। इस बैठक में सहायक अभियंता द्वारा बताया गया की ई ई एस एल द्वारा अधिस्थापित लाइटों, नगर निगम द्वारा अधिस्थापित एवम अन्य विभागों से अधिस्थापीत लाइटों का मेला क्षेत्र एवम अन्य क्षेत्र के खराब लाइटों का सर्वे करा लिया गया है । ई ई एस एल द्वारा अधिस्थापित लाइटों के संबंध में शिकायतें मिल रही है। उनके द्वारा अधिक मिस्त्री का टीम बढ़ाकर मरम्मती कराई जाने की आवश्यकता है। अतः ई ई एस एल को और अधिक टीम बढ़ाकर जल्द से जल्द मरमती का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है।नगर निगम द्वारा अधिस्थापित लाइटों



को नगर निगम द्वारा मरमती कराई जा रही है। कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि और अधिक मिस्त्री रखने की आवश्यकता है। कनीय अभियंता को आवश्यकतानुसार मिस्त्री रखकर कार्य कराने का निर्देश दिया गया है।नगर विकास एवम आवास विभाग द्वारा नए लाइटों के क्रय पर पूरे बिहार में रोक लगाई गई है। ऐसे में पितृपक्ष मेला में लाइटों के अति आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मरमती में लगने वाले नए लाइटों के क्रय हेतु नगर विकास विभाग से अनुमति एवम आवंटन की मांग की गई है। अनुमति एवम आवंटन प्राप्त होते ही क्रय कर एल ई डी लाईट को बदलने की कार्यवाई सुनिश्चित करें। सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि देव घाट पर सभी लाइट्स जल रहा है। कनीय अभियंता द्वारा बताया गया की स्टेशन से वैरागी की जाने वाले पथ पर डार्क स्पॉट का स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने का निर्देश कनीय अभियंता को दिया गया है।कनीय अभियंता द्वारा एस के वाइ लिफ्टर के मरमती की आवश्यकता बताए जाने पर उसे अविलंब मरमती कराने का निर्देश दिया गया है।प्रकाश व्यवस्था से जुड़े सभी पदाधिकारी एवम कर्मचारी को निर्देश दिया गया कि मुस्तैद होकर पितृपक्ष मेला प्रारंभ होने के पूर्व सभी लाइटों को कार्यरत कराना सुनिश्चित करेंगे।अभियंता, सौरव कुमार, सहायक एवम ई ई एस एल के प्रतिनिधि उपस्थित थे

## 4 सितंबर को राज्य के 3.96 करोड़ बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति की दवा

- 25 चयनित जिलों में चलाया जायेगा यह विशेष अभियान
- छूटे बच्चों के लिए 11 सितंबर को चलेगा मॉप अप राउंड

प्रात : किरण संवाददाता

पटना- राज्य के 25 चयनित जिलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया है. इसको लेकर सभी तैयारी की जा चुकी हैं. सभी जिलों के जिला परिरक्षण पदाधिकारी, आईसीडीएस, शिक्षा एवं जीविका कर्मियों का अभियान से संबंधित उन्मुखीकरण किया जा चुका है. अभियान के दौरान राज्य के 3.96 करोड़ बच्चों को दवा का सेवन कराया जायेगा. अभियान में छूटे हुए बच्चों के




लिए 11 सितंबर को मॉप अप राउंड संचालित किया जायेगा.

**कृमि संक्रमण से बच्चों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव:**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कृमि संक्रमण के कारण बच्चों का पोषण, शारीरिक एवं मानसिक विकास प्रभावित होता है. कृमि संक्रमण के कारण बच्चों में थकावट, कमजोरी, जी मिचलाना, पेट दर्द, दस्त की समस्या जैसी शिकायतें होती हैं. संक्रमण के कारण बच्चों की स्कूल में उपस्थिति एवं सीखने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.

**25 चयनित जिलों में चलाया जायेगा अभियान:**

इस सम्बन्ध में जारी पत्र में निर्देश दिया गया है कि राज्य के चयनित 25 जिलों अरवल, वैशाली, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, कटिहार, औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, शिवहर, भागलपुर, जहानाबाद, गोपालगंज, सुपौल, बांका, गया, सिवान, सहरसा, जमुई, कैमूर, सारण, खगड़िया, शेखपुरा, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, मुंगेर एवं अररिया में 4 सितंबर को कृमिनाशक दवा अल्बेंडाजॉल की 400 मिलीग्राम दवा उम्र के अनुपात में खिलाई जाएगी. शेष 13 जिलों में एमडीए अभियान संचालित किया जा रहा है जहाँ अन्य दवाइयों के साथ अल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है. अभियान के तहत उक्त चयनित जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, संस्कृत विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्रों सहित सभी तकनीकी एवं गैर तकनीकी संस्थानों में अल्बेंडाजॉल दवा की प्रदायिकी की जाएगी.

उम्र के अनुसार खिलाई जाएगी दवाः उक्त कार्यक्रम के दौरान उम्र अनुसार लोगों को दवा खिलाई जाएगी. 01 से 02 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली, 02 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली खिलानी है.

## संक्षिप्त खबरें

### कदाचार मुक्त हो रहा है यूजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा

तारापुर (कोर्ट)। आरएस कॉलेज तारापुर में मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के द्वारा आर डी बी कॉलेज संग्रामपुर का सेंटर बनाया गया है यहां के केंद्र अधीक्षक डॉक्टर यू एस दास ने कहा कि यहां यूजी सेमेस्टर 2 का केंद्र बनाया गया है। कदाचार एवं शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा लिया जा रहा है आरएस कॉलेज के परीक्षा नियंत्रण डॉक्टर पूर्णिमा गुप्ता से पूछा गया जब परीक्षा के संबंध में तो उन्होंने बताया कि मंगलवार को ग्रुप ए माइक ग्रुप बी माईक की परीक्षा ली जा रही है फास्ट सेटिंग में एच आर एम में पांच परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें की जिसमें की पांचों उपस्थित थे इकोनॉमिक्स में 14 परीक्षार्थी थे जिसमें की दो परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं तीन परीक्षार्थी ने परीक्षा दी है। आरएस कॉलेज तारापुर में दर्शनशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद जसीम राजा को मुंगेर विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किया गया है इसकी सूचना आरएस कॉलेज तारापुर के प्राचार्य डॉक्टर यूएस दास ने दी।

### 21 अगस्त को रहेगा भारत बंद : भीम सेना

मुंगेर (बिहार)। एससी एसटी आरक्षण के वर्गीकरण के खिलाफ और आरक्षण को संविधान की 09 वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर संपूर्ण भारत बंद करने का आह्वान किया गया है इसके लिए भीम सेना प्रमुख एवं समस्त बहुजन दलित समाज और समस्त बहुजन दलित सामाजिक संगठन के द्वारा एक एडवाइजरी जारी किया गया है। आम जनता के लिए जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है। एससी एसटी आरक्षण पर माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में 21 अगस्त 2024 संपूर्ण भारत बंद रहेगा। प्रातः 6:00 से रात्रि 8:00 तक संपूर्ण लॉकडाउन की स्थिति बनी रहेगी। आम जनता के लिए जारी एडवाइजरी में मेडिकल सेवाओं पुलिस और फायर अग्निशामक सेवाओं को छोड़कर मॉल दुकान कार्यालय एटीएम मार्केट फैक्ट्री कंपनी वर्कशॉप पर्यटक स्थल आदि बंद रहेगा। कोई सरकारी या प्राइवेट बस रेल मेट्रो ट्रेन सभी नहीं चलेगी निजी वहान टैक्सी ऑटो आदि सब बंद रहेगा। बड़ी या छोटे ट्रांसपोर्टर ट्रक ट्रॉली माल वाहन मालगाड़ी होम डिलीवरी दूध फल सब्जी आदि सब बंद रहेंगे। पूर्ण चक्का जाम रहेगा। सभी स्कूल कॉलेज यूनिवर्सिटी पेट्रोलपंप सीएनजी पेट्रोल पंप एलपीजी गैस गोदाम बंद रहेगा। अधिवक्ताओं से भी आह्वान किया गया है कि वह कोर्ट कचहरी का काम नहीं करेंगे। यह लड़ाई संविधान की मूल भावना और दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण के अधिकारों को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध करना और दलित समुदाय के हितों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरना हमारी जिम्मेदारी है।

### श्रम अधिकार दिवस की सारी तैयारी पुरी आज होगा कार्यक्रम

मुंगेर (बिहार)। श्रम संसाधन विभाग की ओर से श्रम अधिकार दिवस के मौके पर एक दिवसीय ग्रामीण श्रमिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बुधवार को श्रम संसाधन विभाग के सभागार में किया गया है। इसके लिए मुंगेर जिले के सभी प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने ग्रामीण श्रमिकों की सूची उपलब्ध करा दिया है। श्रम अधिकार दिवस सह प्रशिक्षण शिविर मिनट टू मिनट कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार किया गया है। दिन के 11:00 बजे से 1:20 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसका संचालन श्रम परिवर्तन पदाधिकारी जमालपुर विक्रम कुमार करेंगे। दीप प्रज्ज्वलित जिला पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा जबकि स्वागत भाषण श्रम अधीक्षक द्वारा दिया जाएगा। श्रम परिवर्तन पदाधिकारी द्वारा क्रमानुसार आवंटित योजना अधिनियमों के विषय पर संक्षिप्त अभिभाषण विभिन्न श्रम यूनियन के प्रतिनिधि द्वारा श्रम कल्याण संबंधी मुद्दों पर चर्चा श्रमप्रवर्तन पदाधिकारी सदर मुंगेर के द्वारा बीसी डब्बलू बोर्ड के निमंत्रण एवं योजना से संबंधित अभिभाषण। श्रमप्रवर्तन पदाधिकारी तारापुर के द्वारा बिहार शताब्दी योजना से संबंधित अभिभाषण। श्रम परिवर्तन पदाधिकारी संग्रामपुर के द्वारा बिहार राज्य प्रवासी योजना से संबंधित अभिभाषण सहायक शर्मा युक्त द्वारा बाल श्रमिकों से संबंधित अभिभाषण अप शर्मा आयुक्त को विकास आयोग जिला पदाधिकारी आदि के द्वारा अभिभाषण दिया जाना है। इसके साथ ही श्रम संसाधन विभाग के श्रम अधीक्षक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा।

# मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई योजनाओं का जिला अधिकारी ने किया उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता



मुंगेर (बिहार)। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेरांग, असरगंज एवं प्राथमिक विद्यालय कुशवाहा टोला, सजुआ, असरगंज, संग्रामपुर प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय ललिया बांध, तारापुर प्रखंड के खैरा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय मुसहरी नदिया पार के नवनिर्मित चहारदीवारी एवं विद्यालय के गेट का फिता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण भी किया। जहां शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन तथा बच्चों से पढाई संबंधी पूछताछ भी किए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत असरगंज प्रखंड के सजुआ एवं जोरारी पंचायत के उक्त विद्यालयों के नवनिर्मित चहारदीवारी का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ ही ग्रामीणों के जागरूकता के लिए विद्यालय के चहारदीवारी पर दीवाल लेखन के माध्यम से पॉलीथीन की थैली हटाओ, पर्यावरण बचाओ, घर में रखें हरा और नीला कूड़े दान, कचड़े को करें समुचित निपटान आदि स्लोगन को लिखवाया गया है। यह स्लोगन बच्चों के साथ ही ग्रामीणों एवं उनके अभिभावकों को सफाई एवं पर्यावरण के लिए जागरूक करेगा, जिससे कई प्रकार के संक्रमण एवं अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभों की जानकारी के लिए भी प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन किया गया है। इसके माध्यम से पदाधिकारी स्वयं गांवों में जाकर आमजनों को सरकार की विभिन्न लोक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हैं, ताकि उन्हें इसका शत प्रतिशत लाभ मिल सके। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज के नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संवेदक को तीन माह के अंदर भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में अस्पताल के विभिन्न कमरों, ओटी आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को उपरी तल तक पहुंचाने के लिए रैम्प का निर्माण किया ही गया है, परन्तु उन्होंने संवेदक को मरीजों के सुविधार्थ लिफ्ट निर्माण का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लिफ्ट के रहने से मरीजों को स्ट्रेचर से आसानी पूर्वक ऊपरी तल पर बन रहे ओटी में पहुंचाया जा सकेगा, इस लिए लिफ्ट का होना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए तीन माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं निरीक्षण के क्रम में कुछ मरीजों ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा आरओ कुछ दिनों से खराब है। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक को तीन दिनों के अंदर आरओ ठीक कराने तथा उससे संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं दुगार्पुर पंचायत में मनरेगा पार्क और आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 40 के नए भवन निर्माण का शिलान्यास भी किया। मनरेगा पार्क में जीला अधिकारी द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, तारापुर राकेश रंजन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मढ़ौरा के गढ़देवी मंदिर में प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी



प्रात :किरण संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण मढ़ौरा के गढ़देवी मंदिर परिसर में बीती रात एक प्रेमी जोड़े ने शादी रचाई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मढ़ौरा प्रखंड के प्रभु राय की पुत्री छोटी कुमारी और सिवान लकड़ी नवीगंज के रहने वाले चंदेश्वर राय के पुत्र उपेंद्र कुमार ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गढ़ देवी मंदिर परिसर में शादी रचाई। इस दौरान जयमाला और सिंदूरदान के साथ-साथ शादी की अन्य रश्में भी पुरी की। गढ़देवी मंदिर परिसर में शादी के दौरान लड़का और लड़की दोनों ही पक्ष के अभिभावक व अन्य लोग मौजूद थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उपेंद्र का प्रेम प्रसंग छोटी कुमारी के साथ पिछले करीब 4 वर्षों से चल रहा था और इधर करीब डेढ़ माह पहले उक्त दोनों भागकर कोलकाता भी गए थे और 10- 12 दिन साथ रहने के बाद पुनः लड़की को लेकर लड़का सिवान स्थित अपने घर आ गया। जहां से लड़का सोमवार की शाम वापस लड़की को उसके घर पहुंचाने मढ़ौरा पहुंचा था जिसके बाद लड़की के घर वाले क्रोध में आ गए और लड़के को पकड़ कर घर में बैठा लिया। बाद में इस बात की भक अन्य ग्रामीणों को लगी इसके बाद ग्रामीणों ने समझते हुए दोनों के अभिभावकों से बात की और उनकी रजामंदी से बाद में स्थानीय गढ़देवी मंदिर परिसर में दोनो का विवाह करा दिया।

## श्रावणी मेला के समापन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर लोगों को किया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन अनुमंडल सभागार में मंगलवार को मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूपसे किया गया। कार्यक्रम का शानदार संचालन अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार ने किया। गौरतलब है कि कार्यक्रम में असरगंज तारापुर संग्रामपुर के सभी बीडीओ, सीओ, डीपीआरओ, चिकित्सा, पीएचडी, विद्युत, पुलिस प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रेस मीडिया, के सभी साथी गणमान्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। बीते वर्ष और इस वर्ष 2024 में जिला प्रशासन मुंगेर के द्वारा जिले के 26 किलोमीटर कच्ची कावंरिया पथ पर राज्य सरकार की ओर से की गई व्यवस्था पर सभी लोगों ने अपना अनुभव जिला प्रशासन के समक्ष रखने का काम किया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने बताया कि लंबे समय के बाद श्रावणी मेला की शुरूआत सावन की प्रथम सोमवारी एवं अंत भी सावन महीने की अंतिम पांचवी सोमवारी को सावन समाप्त हुआ। शास्त्र के अनुसार यह अपने आप में धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत बड़ा महत्व रखता है। राज्य सरकार के द्वारा श्रावणी मेला के नाम पर श्रद्धालुओं के लिए विधि व्यवस्था को लेकर जिस भी तरह का संसाधन मुहैया कराया गया था, वह आप सभी लोगों के सहयोग से एक महीने तक चलने वाला विश्व का सबसे लंबा मेला बिना किसी घटना दुर्घटना का संपन्न हुआ है इसके लिए सभी लोग बधाई के पात्र हैं। इसके पूर्व समारोह में उपस्थित लोगों को जिला पदाधिकारी उप विकास आयुक्त एसडीएम एवं विधायक प्रतिनिधि ने सामूहिक रूप से मेला के दौरान बेहतर काम करने एवं जन सहयोग करने को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तो वहीं एसडीएम राकेश रंजन कुमार ने कहा कि सरकारी कार्य को छोड़कर अन्य कोई भी बड़ा कार्यक्रम बिना जन सहयोग का नहीं किया जा सकता। इन्होंने 2025 में श्रावणी मेला की व्यवस्था इससे भी बेहतर हो पर अपने दो मेला के अनुभव को जिला पदाधिकारी के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। इस मौके पर उपविकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी दिव्या कुमारी, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार, सीओ संतोष कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी सहित प्रेस मीडिया के सभी साथी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे प्रसव के दौरान महिला के मौत पर परिजनों ने जमकर काटा बवाल

**बरियारपुर थाना के हस्तक्षेप से स्थिति पर काबू पाया गया**

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दरमियान एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद उनके परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर बवाल मचाने लगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रवाहित चिकित्सक द्वारा इसकी सूचना तत्काल बरियारपुर थाना अध्यक्ष को दी गई। सूचना पर पहुंचे बरियारपुर थाना पुलिस ने बीच बचाव कर स्थिति पर काबू पाया। इस संबंध में बताया जा रहा है कि सरस्वती नगर निवासी 35 वर्षीय संजु देवी पति सागर दास ने आपनी पत्नी की प्रसव के दर्द से निजात के लिए बरियारपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रातः 8-54 मिनट पर पहुंच गया था। चिकित्सको के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे 12 बजकर 15 मिनट पर गहन चिकित्सा के लिए हायर सेंटर रैफर किया गया। बरियारपुर प्राथमिक की स्वास्थ्य केंद्र मैं दो एंबुलेंस मौजूद है। जहां पर स्वास्थ्य विभाग के एक एंबुलेंस में खराबी आने के कारण चिकित्सकों ने उसे छोड़ रखा हुआ है। जबकि दूसरी एम्बुलेंस एक अन्य रोगी को पहुंचाने करहरिया पूर्वी पंचायत के लिए प्रस्थान कर चुके थे। एंबुलेंस चालक को अस्पताल से उनके मोबाइल पर सूचना दिया गया कि रोगी को उतार कर करहरिया दक्षिणी पंचायत जाने की सुचना मिली। सूचना मिलते ही एंबुलेंस चालक ने अपने साथ जी रोगी को लेकर गया था उसे उतारकर करहरिया दक्षिणी पंचायत के लिये प्रस्थान कर गये। जहां से रोगी लेकर वापस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। इधर पिडिता के परिजनो ने स्थानिय एक नरसिंह होम के लिये ई-रिक्शा से चल दिये। नर्सिंग होम के चिकित्सकों ने फीस जमा करने को कहा फीस कि राशि जमा करने के बाद रोगी के हालत गंभीर देख पुनः प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र भेज दिया गया। पीड़ित ई-रिक्शा से उतारा जाता कि पिडिता संजु देवी के इहलिला समाप्त हो गया। इस बीच परिजनो ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियारपुर परिसर में जमकर बोल काटा। बवाल की सुचना तत्काल बरियारपुर थाने को दिया गया। थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार ने अपने सहयोगी बी एन पासवान के साथ पुलिस वल घटना की स्थिति पर काबू पाया। इस सम्बन्ध मे थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार ने अंश परिक्षण के लिये सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया गया।

## मनरेगा पार्क बनने से टहलने, बच्चों को खेलने के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण स्थल होगा : डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। मंगलवार को दुगार्पुर पंचायत अंतर्गत धनकुण्डा और ललिया में जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार, विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार, एवं विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार द्वारा संयुक्त रुप से मनरेगा पार्क, विधालय की सुरक्षा दिवाल, आंगनवाड़ी जीर्णोद्वार का पिता काट कर शिलान्यास किया गया। सभी कार्य लगभग 35 लाख रुपये का था। प्राथमिक विधालय के सुरक्षा दिवाल के शिलान्यास के पुर्व स्कुल के छात्राओं ने स्वागत गान से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। एवं मनरेगा पार्क में डीएम, डीडीसी, और अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा एक- एक वृक्ष लगाया। मनरेगा पार्क के दौरान डीएम श्री सिंह ने पार्क के साथ साथ टहलने एवं बच्चों के खेलने के लिए झुला आदि लगाने का निर्देश प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रशांत कुमार सिंह को कहा गया। उन्होने कहा कि सरकार की योजना के अनुसार मनरेगा द्वारा ग्राम स्तर पर पार्क बनाया जाना है। लोगों को टहलने, बच्चों को खेलने के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण स्थल होगा, सरकार के मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए कटिबद्ध है। प्रयास होगा कि अधिक से अधिक गांवों में मनरेगा पार्क का निर्माण कराया जाए। डीडीसी श्री सिंह ने कहा कि विकास के कार्यों को धरातल पर उतारने व सरकार की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने में ग्राम पंचायत के मुखिया की भूमिका अहम होती है। इस मौके पर सीओ निशीथ नंदन, मुखिया हरिनंदन यादव, आलोक कुमार सिंह, वार्ड सदस्य शिल्पी सिंह, शंकर यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## जन्म प्रमाण पत्र में इंग्लिश वर्जन शामिल करने की वकालत अभिभावकों ने की

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नगर निगम द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता का नाम इंग्लिश वर्जन में नहीं रहने से बच्चों के माता-पिता को सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में ऑनलाइन दाखिल कराने में परेशानियां हो रही है। बता दें कि ऑनलाइन सेवाओं में इंग्लिश भाषा का ही उपयोग होता रहा है, ऐसी स्थिति में जन्म प्रमाण पत्र के कॉलम में इंग्लिश भाषा का कॉलम नहीं रहने से अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम द्वारा अब तक निर्गत जन्म प्रमाण पत्र हिंदी वजन में ही दिया जाता रहा है। इस संबंध में शहर के कई गणमान्य अभिभावकों का कहना है कि सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में दाखिला के लिए संस्थान द्वारा जो भी फॉर्मेट उपलब्ध कराया जाता है, उसमें ज्यादातर ऑनलाइन आवेदन ही करना पड़ रहा है। हालांकि नगर निगम द्वारा जन्म प्रमाण पत्र में जन्म की तारीख इंग्लिश में दिया जाता है। लेकिन माता-पिता के कॉलम में केवल हिंदी ही दिया जाता है। ऐसी स्थिति में नगर निगम द्वारा जन्म प्रमाण पत्र के फॉर्मेट में माता-पिता के कॉलम में इंग्लिश वर्जन का होना आवश्यक है। शहर के कई अभिभावकों ने नगर आयुक्त एवं महापौर से इस दिशा में पहल करने का अनुरोध किया है। ताकि जन्म प्रमाण पत्र के फॉर्मेट में माता-पिता का नाम भी इंग्लिश में शामिल हो सके।

## बनियापुर मे 21 अगस्त को भारत बंद किया आह्वान

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर। अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण मे माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा क्रीम लेयर लागू कर वर्गीकरण और कोटा में कोटा कर आरक्षण के प्रावधान के फैसले के विरोध में बनियापुर क्षेत्र के संवैधानिक आरक्षण के समर्थक एवं अंबेडकर वादियों द्वारा बनियापुर में 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया है। बनियापुर टोला परसा के सीताराम वाटिका मे मनलवार को क्षेत्र के कई संगठन की कार्यकर्ता राजनीतिक दलों के नेता गण उपस्थित होकर शांतिपूर्ण बंद का आह्वान किया। आम आम जनता से अनुरोध किया है कि 21 अगस्त को सुबह 6 बजे से भारत बंद के समर्थन मे गाड़ी यातायात दुकान स्कूल कॉलेज बैंक इत्यादि बंद रखें. सूचना के तौर पर बनियापुर थाना प्रभारी अंचलाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित सूचना दी गई, इस बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन रमेश माझी द्वारा किया गया।

## बहन ने भाई की कलाई पर बांधी राखी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना : भाई बहन के प्रेम पर्व के रूप में मनाया जाता है रक्षाबंधन। इस पर्व में यह आवश्यक नहीं होता है कि भाई बहन का रिश्ता, सहोदर भाई बहन तक सीमित हो। यह पर्व मुंहबोले भाई बहन से लेकर वैसे भाई बहन भी शामिल होते हैं जो एक दूसरे से भाई बहन की तरह मिलते हैं। बहन भाई की कलाई पर राखी बांधकर बेहतर भविष्य और रक्षा की कामना की। बहन राखी बांधी और उनके लंबी उम्र के लिए दुआ की। भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन (राखी) के अवसर पर सोमवार को पटना के आशियाना में मात्र 10 महीने के भाई अनंत कुमार सिन्हा उर्फ वायु को बहन अनुश्री सिन्हा उर्फ आशी, श्रीजा सिन्हा उर्फ नव्या, सृष्टि सिन्हा और दीक्षा ने राखी बांधी। यह रक्षाबंधन भाई बहन दोनों के लिए यादगार रहा। वहीं, अभियंता प्रशांत कुमार सिन्हा की बहन अंशु सिन्हा उर्फ मिक्की, अन्नु कुमारी, मुंहबोली बहन अमृता सूर्यवंशी, श्रेया, वर्तिका सारस्वत ने भी राखी बांधी। राखी बांधने के बाद अनुश्री सिन्हा उर्फ आशी ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन भाई की लंबी उम्र के साथ खुद की सुरक्षा के लिए रक्षा डोर बांधने का परम्परा हैं। इसी परम्परा को भाई - बहन रक्षाबंधन के रूप में पर्व मनाते हैं। वहीं, बहन भाई की लम्बी उम्र के लिए दुआ करती है और भाई बहन की ताउम्र रक्षा करने का वादा करता है। ऐसा भी मान्यता है कि मारकंडु ऋषि के पुत्र मार्कण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन महीना में घोर तपस्या कर भगवान शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने यमराज भी नतमस्तक हो गये थे। इसलिए भाई बहन भी रक्षा सूत्र के माध्यम से बहन भाई के दीघार्यु होने की और भाई बहन की रक्षा करने का संकल्प लेता है। समय की तकाजा ऐसी होती है कि किसी भाई को कोई बहन नही होता है तो किसी बहन का कोई भाई नही। इतना ही नहीं, दुर्भाग्य या ग्रह की चक्र कहे कि जिन्हें भाई बहन दोनों रहने के बावजूद राखी नहीं बांध पाते हैं। क्योंकि या तो भाई नौकरी पेशा में देश या राज्य से बाहर होते हैं या किसी अपरिपक्वता के कारण दोनों में स्नेह नहीं रहता है। फिर भी रक्षा बंधन भाई बहन का प्रेम का पर्व है।

## आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक समाज का निर्माण हो

प्रात : किरण संवाददाता




पटना : कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और निर्मम हत्या के विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी कड़ी में आरा गार्डन रेजिडेंस पटना के निवासी, लोगों ने देश में खास कर महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और हिंसा के विरोध में एक प्रेरणादायक और शांतिपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस कैंडल मार्च में बच्चों, महिलाओं, चिकित्सकों और नर्सिंग कर्मियों सहित लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी एकजुटता और समर्थन का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के प्रति लोगों को जागरूक करना और यह सुनिश्चित करना था कि बहु, बेटियों और माताओं को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल सके। आरा गार्डन रेजिडेंस के अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि यह कैंडल मार्च हमारे समाज को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें यह समझना होगा कि जब तक हम सभी एकजुट होकर इन अत्याचारों के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस समाज में बदलाव संभव नहीं है। यह मार्च उन सभी महिलाओं के लिए न्याय की मांग है, जिन्होंने इस समाज की क्रूरता का सामना किया है। सोसाइटी की प्रबंधन समिति की सदस्य अर्चना और अरुणा सिंह ने कहा कि यह कैंडल मार्च सिर्फ एक घटना के खिलाफ नहीं था, बल्कि पूरे महिला समाज के लिए न्याय और सुरक्षा की मांग का प्रतीक था। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक समाज का निर्माण हो। आज हम सभी ने यह संकल्प लिया है कि हम इस लड़ाई में विजय प्राप्त होने तक डटे रहेंगे। सोसाइटी के डॉ. चिरंजीवी खंडेलवाल ने भी अपनी बात रखते हुए कहा, आज का यह कैंडल मार्च हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रतीक है। हम इसे सिर्फ एक विरोध प्रदर्शन के रूप में नहीं देख सकते, बल्कि यह एक आंदोलन है, जो हमारे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें इस लड़ाई में तब तक डटे रहना होगा जब तक कि हमारी बहनें और बेटियां सुरक्षित महसूस न करें।

## मढ़ौरा में दिन दहाड़े राजद नेता के घर में दो अपराधियों ने की लाखों की लूट

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा के मिजार्पुर असोइया में प्रखंड कर्मी बनकर शौचालय जांच करने आए दो अपराधियों ने चाकू के बल पर की लाखों रुपए से अधिक के जेवर की लूट की घटना को अंजाम दिया। प्रखंड कर्मी बनकर आए बाइक सवार दो अपराधियों ने राजद नेता शत्रुघ्न प्रसाद ठाकुर की पत्नी से चाकू के बल पर करीब एक लाख से अधिक रुपए मूल्य के जेवर लूट लिये। इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि शनिवार को दोपहर एक बाइक पर सवार होकर दो युवक उनके घर पहुंचे और अपने को मढ़ौरा प्रखंड का कर्मचारी बाताकर शौचालय की जांच करने की बात कहे। इसके बाद शत्रुघ्न प्रसाद को इन अपराधियों ने बाहर वाले शौचालय में खरा कराकर फोटो भी खिंचा। इसके बाद उक्त दोनों शत्रुघ्न प्रसाद को बाहर ही खरा कराकर उनकी पत्नी को लेकर अंदर के शौचालय के पास फोटो खींचने के लिए लेकर चले गए। जहां अपराधियों ने शत्रुघ्न प्रसाद की पत्नी को अकेले में चाकू के बल पर उनका मुंह दबाकर गले से चेन व लॉकेट तथा कान का टॉप्स छीन लिया। इसके बाद अपराधी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। फिलहाल इस मामले में शत्रुघ्न प्रसाद ने मढ़ौरा थाने में एक प्राथमिक की दर्ज करा दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अभी एक महीना भी नहीं हुए हैं कि तेजपुरवा पंचायत के सरपंच धर्मेंद्र राय और एक ग्रामीण जनार्दन राय के घर में चोरों के द्वारा 10 से 12 लख रुपए की जेवर कपड़ा व नगद चूड़ा ले गए थे। जिसके बाद सरपंच और जनार्दन प्रसाद के द्वारा मढ़ौरा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई। इस घटना के चार दिन बाद मिजार्पुर निवासी शत्रुघ्न राय की पत्नी मीरा देवी अपने घर में ताला बंद कर पास के बने नए घर में सोने चली गई थी। इसी दौरान चोरों ने उनके पुराने घर का ताला तोड़ कर उनके कमरे में रखे बक्से में 9 अदद सोने तथा 7 अदद चांदी के जेवर अन्य कागजात के साथ साथ करीब पचास हजार रूपए नगद चुरा लिए गए महिला ने इसकी प्राथमिक की मढ़ौरा थाने में दर्ज कराई मगर पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। उधर 14 अगस्त को मढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी बाजार पर अवस्थित एक जनरल स्टोर के संचालक जहांगीर अंसारी से चार नकाबपोश अपराधी आए और पिस्तौल दिखाकर दो लाख रुपए नगद और एक मोबाइल लूट लिया। दुकानदार जहांगीर अंसारी ने बताया कि वह अपने भाई के साथ दुकान बंद कर करीब सारे 9:30 बजे रात अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान वहां नकाबपोश हथियारबंद अपराधी पहुंच गए और बंदूक का भाई दिखाकर उनके हाथ से रुपए से भरा झोला और मोबाइल छीन लिया इस मामले में पीड़ित दुकानदार ने भी मढ़ौरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। इस तीनों लूट कांड के अभी एक महीना पूरा भी नहीं हुए की इधर राजद नेता के घर में दिनदहाड़े दो अज्ञात अपराधियों के द्वारा शौचालय जांच करने के बहाने से घर में घुस जाते हैं और चाकू के बल पर महिला से जेवर लूट की घटना को अंजाम दे देते हैं और फरार हो जाते हैं। विगत एक महीने में मढ़ौरा में चार लूट की घटना को अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया गया किंतु पुलिस ने इस चारों में से किसी एक में भी कोई कार्यवाई व गिरफ्तारी नहीं कर सकी।

